राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

www.jagranmorchadaily@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 अंक : 368 | लखनऊ | सोमवार, 02 मार्च 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया



# ईरान का संयुक्त अरब दुबई पर हमला

## एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त, कतर के दोहा में धमाके

एजेंसी



दुबई/दोहा/तेहरान/वाशिंगटन/तेल अवीव, 01 मार्च (हि.स.)। इजराइल-अमेरिका के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के मारे जाने के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने आज सुबह संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई पर हवाई हमला किया। इस हमले में जेबेल अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एयरपोर्ट के अंदर धुआं नजर आ रहा है। स्टाफ बिल्डिंग खाली कर रहा है। कतर के दोहा में भी धमाके हुए हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई में सुबह लगातार शक्तिशाली विस्फोट हुए। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एयरपोर्ट और आसपास धुआं नजर आ रहा है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के बाद दुबई के बिजनेस बे के ऊपर एक हवाई इंटरसेप्शन से निकले मलबे से शहर के बड़े कमर्शियल पोर्ट में आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, कतर के दोहा में रविवार सुबह स्थानीय समयानुसार 7:30 बजे कई जोरदार धमाके सुने गए। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के लोग खामेनेई की मौत की आधिकारिक घोषणा के बाद सड़क पर जश्न मना रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन बदलने के आह्वान के बाद ईरान ने अभूतपूर्व हमले की चेतावनी दी है। इजराइल की नेशनल इमरजेंसी सर्विस का कहना है कि शनिवार को देशभर में हुए हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 121 अन्य घायल हो गए। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले में कई लोगों की मौत हो गई। संयुक्त अरब अमीरात में नेपाली दूतावास ने यूएई में विकसित हो रही परिस्थितियों के संदर्भ में वहां निवास कर रहे समस्त नेपाली समुदाय से सोशल मीडिया के माध्यम से अपुष्ट और भ्रामक सामग्री साझा न करने का आग्रह किया है। दूतावास ने 'एडवाइजरी-2' जारी करते हुए अज्ञात स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं, अफवाहों या आधिकारिक रूप से पुष्टि न की गई सामग्रियों को प्रकाशित या प्रसारित न करने की अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या अन्य तकनीकी माध्यमों से अपुष्ट सामग्री साझा करने से सुरक्षा स्थिति को लेकर भ्रम और अनिश्चितता उत्पन्न हो सकती है, इसलिए सभी को ऐसे कार्यों से बचने के लिए सचेत किया गया है। यह भी कहा गया है कि यूएई के संबंधित निकाय पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि इस प्रकार की गतिविधियां कानून के अनुसार दंडनीय हैं। अतः वहां रह रहे नेपाली नागरिकों से स्थानीय कानूनों का पूर्ण पालन करने और अफवाह फैलाने से दूर रहने का अनुरोध किया गया है। दूतावास ने विकसित परिस्थितियों से संबंधित सही और आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने के लिए यूएई सरकार के आधिकारिक निकायों की वेबसाइट और सूचनाओं के माध्यम से ही अपडेट लेने की सलाह दी है। केवल यूएई के सरकारी निकायों द्वारा जारी सूचनाओं और अपडेट को ही आधार मानने का आग्रह किया गया है। इससे पहले भी दूतावास ने पहली एडवाइजरी जारी करके अनावश्यक यात्रा न करने की अपील की थी। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हवाई हमले में इस्लामिक क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की मौत पर 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन का सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने रविवार सुबह कहा कि इस हमले में खामेनेई की शहादत हो गई। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद ईरानी मंत्रिपरिषद ने सात दिन की सार्वजनिक छुट्टी और 40 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। साथ ही तीन सदस्यों वाली नेतृत्व परिषद ( मार्गदर्शक मंडल) की घोषणा भी की गई है। इरना के मुताबिक यह परिषद कुछ समय तक सर्वोच्च नेता की भूमिका का निर्वाह करेगी।

**यूएई में दूतावास ने नेपाली नागरिकों को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आगाह किया**

**ईरान में खामेनेई की मौत पर 40 दिन का राजकीय शोक, सात दिन की छुट्टी घोषित**

**अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और परिवार के कई सदस्य मारे गए**

**ईरान ने क्षेत्र में अमेरिकी-इजराइली ठिकानों को बताया 'वैध लक्ष्य', 24 प्रांतों में हमलों से 201 मौतें**

**कराची के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प, सुरक्षाकर्मियों की गोली से 9 की मौत, 18 घायल**

**ओमान तट के पास तेल टैंकर पर ईरान का हमला, बचाए गए 15 भारतीय नागरिक**

**खामेनेई के मारे जाने पर शिया समुदाय ने देश भर में किया विरोध प्रदर्शन**

### मध्य पूर्व तनाव से हवाई सेवा प्रभावित, दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। मध्य-पूर्व संकट के बीच राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर रविवार को 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट के कारण विमानन कंपनियां परिचालन संबंधी दिक्कतों से जूझ रही हैं। पश्चिम एशिया में ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर आईजीआईए पर प्रस्थान एवं आगमन से संबंधित क्रमशः 60 और 40 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गई हैं।टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने अब तक विदेश के लिए 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। इस बीच इंडिगो ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर कहा है कि हम मिडिल ईस्ट और आस-पास के इलाकों में हो रहे डेवलपमेंट पर पूरी सावधानी से नजर रख रहे हैं। हम समझते हैं कि यह समय अनिश्चित लग सकता है और हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि हर फ़ैसला सावधानी और समझदारी से लिया जा रहा है।

### ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस पर आरसीओ पोर्टल का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में भारत की अग्रणी संस्था ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में रविवार को अपने 25वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया। इस दौरान बीईई 25 लोगो का अनावरण, बीईई स्टार लेबल मोबाइल ऐप और आरसीओ पोर्टल का शुभारंभ किया। विद्युत एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक कहावत, ल्इलाज से बेहतर रोकथाम है,ङ्क का स्मरण करते हुए कहा कि बीईई विद्युत क्षेत्र के लिए एक निवारक संस्था के रूप में कार्य करता है। आज बचाई गई बिजली की प्रत्येक इकाई अतिरिक्त उत्पादन क्षमता की आवश्यकता को कम करने और उत्सर्जन को घटाने में सीधे तौर पर योगदान देती है। ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को अपनाकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने देश में ऊर्जा दक्षता पहलों को आगे बढ़ाने में बीईई के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की।

### पुंछ में एलओसी के पास भारतीय सीमा में घुसा पाकिस्तान का ड्रोन सेना ने की फायरिंग

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आज तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराने के लिए सेना के जवानों को गोलीबारी करनी पड़ी। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन कुछ देर दिगवार इलाके में मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लौट गया। तीन दिनों में यह दूसरी बार है जब सीमा पार से ड्रोन की आवाजाही का पता चलने के बाद सैनिकों ने गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा कि अग्रिम चौकी पर तैनात सैनिकों ने सुबह करीब छह बजकर 10 मिनट पर दुश्मन के ड्रोन को देखा और उसे गिराने के लिए एक दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चलाईं।

### जेपी नड्डा का ममता सरकार पर हमला, बोले

## घुसपैठियों के कारण बंगाल के मूल निवासी हो जाएंगे अल्पसंख्यक

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक सरगर्मी के बीच केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार घुसपैठियों की मदद कर रही है, जिसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी भविष्य में अल्पसंख्यक बन सकते हैं। नदिया जिले के कृष्णानगर में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' को हरी झंडी दिखाने के दौरान आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) राज्य को ल्घुसपैठियों का हबङ्क बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और टीएमसी का मतलब ल्टेरर, मुस्लिम तुष्टिकरण और भ्रष्टाचारङ्क बन गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने यह भी कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं होने दी, जिससे लगभग 40 लाख परिवारों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज से वंचित रहना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि यदि भाजपा बंगाल में सत्ता में आती है, तो आयुष्मान भारत योजना को तुरंत लागू किया जाएगा और लोगों को इसका लाभ मिलेगा। भाजपा की परिवर्तन यात्रा के जरिए पार्टी आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए राज्य में जनसमर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल में सत्ता पर कब्जा करेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोग ममता बनर्जी के कुशासन से त्रस्त हैं और विकल्प के तौर पर भाजपा को देख रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस बार लोगों की पहली पसंद भाजपा है और ममता बनर्जी को हर हाल में वोट के चोट के जरिए सत्ता से बाहर करेंगे।

### विकसित भारत के लिए युवाओं को जागरूक करना जरूरी: बृजेश सिंह

जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार (रज्जू भैया संस्थान) में कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षकत्व में ल्विकसित भारत युवा संसद 2026ङ्क के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का विषय ल्आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सीखङ्क। प्रतियोगिता में जनपद के 150 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बृजेश सिंह सदस्य विधान परिषद, जौनपुर ने किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक चेतना, स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। आपातकाल का दौर हमें संविधान की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों के प्रति सजग रहने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती युवाओं के हाथ में है और विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब युवा जागरूक, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि युवा संसद केवल वाद-विवाद का मंच नहीं, बल्कि तर्कसंगत संवाद, असहमति के सम्मान और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देने का माध्यम है। युवा शक्ति ही विकसित भारत की आधारशिला है।

## नागपुर फैक्ट्री विस्फोट में 17 लोगों की मौत, 18 घायल

**मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा**

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' में हुए धमाके में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल नागपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:15 बजे फैक्ट्री की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट में तुरंत भीषण आग लग गई और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) तथा औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएएस) के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रशासन को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सभी घायलों का इलाज राज्य सरकार के खर्च पर कराया जाएगा और घटना की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद विस्फोटक निर्माण इकाइयों में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रारंभिक आशंका है कि पैकिंग यूनिट में तकनीकी गड़बड़ी या सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण विस्फोट हुआ हो सकता है। हालांकि, वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। प्रशासन ने फैक्ट्री परिसर को सील कर दिया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री ने4,400 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

## केंद्र सरकार सरकार सिखों के लिए सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

एजेंसी



मदुरै। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला बुनियादी ढांचा केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को सशक्त बनाते हुए संपर्क सुविधा को मजबूत करता है, अर्थव्यवस्था को गति देता है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करता है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले बारह वर्षों में केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास में व्यापक निवेश किया है। वर्ष 2014 के बाद राज्य में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जिससे औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से कृषि एवं समुद्री उत्पादों के परिवहन में तेजी आएगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। वर्ष 2009 से 2014 के बीच जहां औसत वार्षिक बजट आवंटन 880 करोड़ रुपये था, वहीं वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 7,600 करोड़ रुपये हो गया है। राज्य में 1,300 किलोमीटर से अधिक नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं तथा 97 प्रतिशत रेल मार्गों का विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्तमान में तमिलनाडु में 9 वंदे भारत और 9 अमृत भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं, जिनके कोच चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में निर्मित किए जा रहे हैं। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के 77 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से आठ पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। साथ ही चेन्नई बीचऽचेन्नई एग्मोर के बीच चौथी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की गई, जिससे हजारों दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूचना एवं संचार सुविधाओं का विस्तार लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। तमिलनाडु में बुनियादी ढांचा विकास के लिए केंद्र सरकार का निवेश पिछले दशक की तुलना में तीन गुना बढ़ा है। बेंगलुरुऽचेन्नई तथा चेन्नईऽहैदराबाद बुलेट ट्रेन गलियारों के प्रस्ताव से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने राज्य की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि आदिचनल्लूर जैसे ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक विरासत गंतव्य के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं पुलिकट झील और पोधिगई मलै क्षेत्र में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती दी जाएगी। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने कुंभकोणम, यरकौड और वेल्लोर में

## उप्र की विद्युत सखियों ने रचा इतिहास, ओटीएस में बना रिकॉर्ड : केशव प्रसाद मौर्य

**विद्युत बिल कलेक्शन में विद्युत सखियों का अभूतपूर्व योगदान**

**ग्रामीण ऊर्जा सेवा में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं की आमदनी में वृद्धि तो हो ही रही है, साथ ही समाज में उनका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी निरंतर बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य हुए अभिसरण के परिणामस्वरूप संचालित विद्युत सखी कार्यक्रम आज ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व में परिवर्तन की एक सफल और प्रेरक कहानी बन चुका है। यह पहल जहां एक ओर बिजली बिल संग्रह प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है, वहीं दूसरी ओर हजारों महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आय का सशक्त माध्यम भी बनी है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक विद्युत सखियों द्वारा रू 3,227 करोड़ से अधिक का बिजली बिल संग्रह किया जा चुका है। रू 1.40 करोड़ बिलों का सफल संग्रह करते हुए रू 42 करोड़ से अधिक का कमीशन अर्जित किया गया है। फरवरी 2026 तक प्रदेश में 15,413 सक्रिय विद्युत सखियाँ फील्ड में कार्यरत हैं, जो ग्रामीण उपभोक्ताओं तक अंतिम छोर तक सेवाएँ पहुँचा रही हैं। दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक संचालित बिजली बिल राहत (ओटीएस) योजना के दौरान कार्यक्रम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया। इस अवधि में कुल रू 657 करोड़ का बिल संग्रह हुआ, जिसमें दिसंबर 2025 में रू 349 करोड़, जनवरी 2026 में रू 188 करोड़ तथा फरवरी 2026 में रू 120 करोड़ का कलेक्शन शामिल है। लगभग 17.75 लाख बिलों का निस्तारण करते हुए रू 8 करोड़ से अधिक कमीशन अर्जित किया गया। इससे जहां उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में सुविधा और राहत मिली, वहीं विद्युत सखियों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन सामने आया है। सहारनपुर, सुल्तानपुर, मेरठ और अमेठी जैसे जिलों ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। राज्य मिशन प्रबंधक एवं विद्युत सखी कार्यक्रम के प्रभारी आचार्य शेखर के अनुसार व्यक्तिगत स्तर पर भी अनेक प्रेरक उदाहरण सामने आए हैं।

# होली का त्यौहार, खतरे में करोड़ों का कारोबार आम जनता का बाजार में पैदल निकलना भी दुश्वार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर में आज के समय पर जाम वह नासूर बन गया है जिससे हर कोई त्रस्त हो चुका है। एक ओर होली का त्यौहार दूसरी ओर यह जाम, आम जनता इससे परेशान हो चुकी है। व्यापारी नेताओं का भी अब यह कहना है कि हर बार बैठकों में सिर्फ अधिकारी आदेश कर देते पर जमीनी सच्चाई पर कोई ठोस कदम नहीं उठाता है।

तस्वीर उस जगह की है जहां सुनगढ़ी थाना है। कई पुलिस कर्मी भी इस थाने में हर समय मौजूद रहते हैं पर, थाने के अंदर बैठे इन पुलिस कर्मियों को यह तक चिंता नहीं कि उनके थाने के बाहर घंटों जाम रहता है।



शहर में जाम में फंसे वाहन

थाने में आने वाले फरियादी भी इससे परेशान हो चुके हैं। होली का त्यौहार सिर पर है, तमाम व्यापारियों ने लाखों का माल दुकानों में भर रखा है लेकिन, इस जाम की वजह से ग्राहक और व्यापारी दोनों परेशान हैं। बीते मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने व्यापारियों के साथ बैठक कर इस जाम की समस्या पर विस्तार से चर्चा करी थी। व्यापारियों को होली के बाद ई रिक्शों के वन-वे व्यवस्था लागू करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन व्यापारियों का कहना है कि यह व्यवस्था उन्हें होली से पहले लागू करनी चाहिए। व्यापारियों का यह भी कहना है कि एक तरफ हम व्यापारी ऑनलाइन शॉपिंग से परेशान है वहीं दूसरी ओर इस जाम की वजह से हम लोगों का कारोबार भी खतरे में है। ग्राहक तो खरीदी करने बाजार को जाता है पर जाम की वजह से वह दुकानों पर चढ़ता ही नहीं है और इस जाम से जैसे तैसे निकलने को मजबूर होता है।



हमारी मांग है कि शहर में ई रिक्शों का वन-वे सिस्टम लागू किया जाए, स्टेशन चौराहे से जो रिक्शे चलें वह शहर कोतवाली पर पहुंच कर दूसरे मार्ग से जाए। शहर के कुछ चौराहे ऐसे हैं जहां यातायात पुलिस के करीब 4 सिपाही खड़े मोबाइल चलाते रहते हैं, अगर उनको बाजार के मुख्य चौराहों पर जिम्मेदारी दे दी जाए तो यह अव्यवस्था सुधर सकती है। हर बार बैठकों में सिर्फ अधिकारी आदेश कर देते पर इस अव्यवस्था पर ध्यान कोई नहीं देता।

(अफरोज जिलानी, व्यापारी नेता)



इस जाम की वजह से व्यापारियों के लिए आफत हो चुकी है, जल्द ही इस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

(अनूप अग्रवाल)
व्यापारी

## समाजसेवी ने बच्चों के साथ मनाई होली, लगाया रंग



**पूरनपुर।** रंग गुलाल पिचकारी पाकर खिल गए प्यारे बच्चों के चेहरे प्यारे प्यारे बच्चे जो भगवान का रूप माने जाते हैं उन्ही तीन दर्जन से अधिक प्यारे-प्यारे बच्चों के साथ गायत्री परिवार के संदीप खंडेलवाल ने पूरनपुर में अलग अंदाज में होली का आनंद लिया, उन्होंने अपने नारायण फिजियोथैरेपी सेंटर पर प्यारे प्यारे बच्चों को रंग गुलाल पिचकारी गुब्बारे होली कैप, ट्रॉफी बिस्कुट आदि भेंट कर सभी के साथ होली का आनंद लिया और एक दूसरे के रंग गुलाल भी लगाया ,श्री खंडेलवाल ने सभी से प्राकृतिक रंग अबीर गुलाल का प्रयोग करते हुए और केमिकल युक्त रंगों से बचते हुए होली महापर्व के आनंद लेने का अनुरोध किया, मौके पर बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर देखी जा रही थी। इस अवसर पर फिजियो राजीव शुक्ला रूपेश सौभाग्य खंडेलवाल यशी परमीत वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## हाथ से उखड़ रही लाखों रुपये की लागत से बनी सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** लाखों रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क में गुणवत्ता की जमकर अनदेखी की जा रही है। हाथ पैर मारते ही सड़क उखड रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सड़कों की गुणवत्ता को लेकर लगातार आए दिन मामले आ रहे हैं।निर्माण कार्यों में जमकर लीपापोती की जा रही है। एक ओर मामला प्रकाश में आया है। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के जोगराजपुर से लेकर हमीरपुर तक जाने वाले मार्ग का निर्माण लाखों रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी बिभाग की ओर से कराया जा रहा है। लाखों रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क हाथ पैर मारते ही आसानी से उखड रही है। इस तरह से हो रहे निर्माण कार्य पर लोगों ने गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क से गुजरने के दौरान पैरों से सड़क उडने पर लोगों के होश उड़ गए। उन्होंने घटिया सामग्री से सड़क निर्माण कराने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि ठेकेदार विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर निर्माण में मानकों की जमकर अनदेखी कर रहा है। सड़क निर्माण के लिए नाममात्र का कोलतार,वजरी व रेत अधिक लगाकर घटिया सामीग्री लगाई जा रही है। सड़क हाथ और पैर मारते ही उखड रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कुछ माह पहले ऐसे ही कई मामला सड़क निर्माण में पाए गए थे।सडक निर्माण के लिए लाखों रुपये स्वीकृत हुए।लेकिन मिली भगत के चलते निर्माण कार्य में जमकर लीपापोती कर वजट को ठिकाने लगाया जा रहा है।मामला वायरल होने के वाद बिभाग में हडकंप मचा हुआ है। बिभाग ने जांच के आदेश दिए हैं।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर निकाला, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दहेज में दो लाख की नगदी न देने पर विवाहिता की पिटाई कर घर से निकाल दिया। वापस आने पर धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी स्वेता उर्फ चांदनी ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि

उसकी शादी चार साल पहले थाना गोला पुर्नवू ग्रांट निवासी रंजीत के साथ हुई थी। जिसमें उसके मायके वालों ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। आरोप है कि दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं हुए। ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में दो लाख की नगदी की मांग शुरू कर दी। विवाहिता ने मायके वालों की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने की बात कहकर रुपये लाने से मना कर दिया। इससे नाराज ससुरालियों ने उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 16 जनवरी को पति राम जीत, माया देवी,छोटेलाल व जानू ने उसको गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर पहले तो ससुरालियों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई लगाई। आरोप है कि नवजात पुत्र को छीनकर घर से निकाल दिया। कार्रवाही करने पर धमकी दी। मायके वालों ने काफी समझाया। लेकिन वह नहीं माने उसके पिता की मौत हो चुकी है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## शिक्षिका पर कार्रवाई न होने की डीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति के लोगों ने प्राथमिक विद्यालय इंचार्ज अध्यापक डोली शर्मा के संबंध में कई बार शिकायती पत्र दिया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एसएमसी के अध्यक्ष ने कई बार शिकायत कर सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि बगैर किसी अनुमति ही स्कूल का अध्यक्ष ही बदल दिया गया। फर्जी भुगतान भी कराने का आरोप लगाया जा रहा है। जनवरी-फरवरी में सीसीटीवी कैमरे के वीडियो में आठ से दस बच्चे दिखाई दे रहे हैं। लेकिन एमडीएम पत्रिका में सौ से अधिक संख्या में बच्चों को दशार्या गया है। आरोप है कि मिली भगत कर किया गया है। शिक्षिका के चलते प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा शिक्षा विभाग की छवि धूमिल की जा रही है।

जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा गया है कि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किसान यूनियन( भानू) की तरफ से भी शिकायत की गई। आरोप है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी मनमानी तरीके से कार्य कर रहे हैं। जब कोई शिकायत करता है तो शिक्षिका सांठ गांठ कर लेती है। शिकायत करने पर शिक्षिका के परिजन धमकाते हैं। झूठे केस में फंसाने व हत्या कर देने की धमकियां दी जाती हैं। टीम द्वारा गठित की गई पक्के सबूत देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई।.जिसके चलते मामला दवा लिया गया है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## कसगंजा गांव के नए कोटा का प्रस्ताव निरस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गांव के कबीरपुर कासगंज में उच्च विक्रेता की खुली बैठक सात जनवरी को हुई थी।जिसमें गांव निवासी अरुण पटेल को कोटे की दुकान का प्रस्ताव हुआ था। इस दौरान मौके पर अरुण पटेल की दस्तावेज ठीक न होने की शिकायत कर कोटा न करने की मांग की थी। लेकिन ध्यान नहीं दिया गया था। इस मामले में उपजिलाधिकारी के द्वारा 19 और 20 फरवरी को उपजिलाधिकारी कार्यालय में बैठक की गई। चयन समिति द्वारा की गई जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत कबीरपुर कसगंजा में नई उचित विक्रेता चयन के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उनकी पत्नी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित के रूप में पुत्र, पुत्री, पौत्र विवाहित व अविवाहित के लिए आरक्षित है। जिसमें पाया गया कि नए उचित दर विक्रेता के द्वारा प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।जिसके चलते कबीरपुर कसगंजा के नए उचित विक्रेता का प्रस्ताव आरक्षण के अनुरूप न होने पर निरस्त कर दिया गया है। इसका आदेश उप जिलाधिकारी के द्वारा जारी कर दिया गया है।जिससे नए कोटेदार के समर्थकों में मायूसी छा गई है।

## सब्जी लेने आए व्यापारी के साथ मंडी समिति में मारपीट



जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सब्जी लेने आए व्यापारी के साथ मंडी समिति में मार-पीट हो गई। जिससे खलवली मच गई। भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रविवार को सुवह संसारपुर निवासी माजिद पूरनपुर की मंडी समिति पर सब्जी खरीदने आया था। उसने मंडी समिति पर अकील अहमद उर्फ लाला की दुकान से सब्जी खरीदी। अकील अहमद एआईएमआईएम का जिलाध्यक्ष भी है। खरीददार का कहना है कि यह खराब सब्जी दे रहे थे। जिस पर खरीददार ने अपत्ति जताई। इस पर दोनो में गाली गलौज और कहासुनी होने लगी।इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। इसमे अकील अहमद को चोटें आई है। इस दौरान किसी ने वीडीओ वनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमे दोनो पक्षों में मारपीट और गालियां देना साफ सुनाई दे रहा है। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। वमुश्किल विवाद शांत हो सका। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा। कोतवाली के इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे ने वताया कि दोनों लोगों की तहरीर के आधार पर मेडिकल करा दिया गया है। कार्रवाई की जा रही है। वीडीओ को भी संज्ञान लिया गया है। लोगों ने मंडी पर पुलिस की तैनाती कराने की मांग की है। काफी देर तक दोनो पक्षो में विवाद होता रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में पड़ा मिला बाघ का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पीटीआर में एक बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव माला रेंज में पड़ा देखा गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आईवीआरआई बरेली के लिए भेजा गया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शनिवार की देर रात एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हडकंप मच गया। बाघ का शव माला रेंज के आने वाले महोफ और माला के बीच धमेला वॉच टावर के पास पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद डीएफओ (मंडल वन अधिकारी) भरत कुमार डीके समेत वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। मामले की जानकारी बरेली से एफडी (फील्ड डायरेक्टर) और एपीसीसीएफ (अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक) ने भी ली। प्रारंभिक जांच में बाघ के शरीर पर चोट या संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। इससे मौत के कारणों को लेकर असमंजस बना हुआ है। कारणों की पुष्टि के लिए बाघ का पोस्टमॉर्टम बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में कराया जाएगा। जानकारी पर बडी संख्या में लोग पहुंच गए। डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि बाघ की मौत कैसे हुई है। शव मिलने की जानकारी पर मुख्य वन संरक्षक ने रात को ही घटनास्थल का निरीक्षण किया। रविवार को कई अधिकारी मौके पर जुट गए। अधिकारियों ने वताया कि बाघ की मौत कैसे हुई है इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगी। पूरे मामले पर अधिकारी नजर बनाए हुए है। बाघ का शव मिलने से बन बिभाग में खलवली मची हुई है।

## डीसीएम की टक्कर से हुई मौत के मामले में केस दर्ज

**पूरनपुर।** हाईवे पर डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

घटना 15 फरवरी की है। बंडा थाना क्षेत्र के गांव कंधरपुर निवासी बलदेव सिंह वाइक से अमरिया जा रहा था।

बंडा हाईवे पर घुंघचाई शमशान घाट के पास बंडा की ओर से तेज गति से आ रही डीसीएम ने सामने से आ रहे वाइक सवार को टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हादसे में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। मृतक हेमलेट नहीं लगाया हुआ था। मृतक के पिता मेहर सिंह ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात पिकअप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चालक के बारे में जानकारी की जा रही है।

## भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में वन्यजीवन पुस्तक सफरनामा का जिलाधिकारी ने किया विमोचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का समापन कार्यक्रम गांधी प्रेक्षा गृह में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने वन्यजीवन पर आधारित हिंदी पुस्तक सफरनामा का विमोचन किया।

वर्षो से वन्यजीवन के लिए नि स्वार्थ कार्य सेवा कर रहे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बिलाल मियां खान ने वन्यजीवन की अपनी इस पुस्तक सफरनामा में जिले सहित उत्तर प्रदेश का नाम देश-विदेश में भी रोशन किया है। बिलाल खान की प्रथम पुस्तक पीलीभीत टाइगर रिजर्व पर आधारित, द्वितीय पुस्तक तराई आर्क लैंडस्केप पर आधारित एवं तृतीय पुस्तक भारत के संपूर्ण टाइगर रिजर्व पर आधारित रही है।जनपद में फल फूल रहे वन्यजीवन एवं पर्यटन स्थल पर आधारित है।इस पुस्तक में 2003 से पीलीभीत माला रेंज में गोली से मारी गई बाघिन, पीलीभीत से फैजाबाद पहुंचे बाघ को गोली द्वारा मारा गया एवं वर्ष 2003 में चूका पिकनिक स्पॉट का प्रथम उद्घाटन व वर्ष 2012 से वर्ष 2026 तक मानव वनजीवन संघर्ष के दौरान मनुष्य एवं जीव जंतुओं की विस्तार पूर्वक घटनाएं और जंगल एवं उसके आसपास के पर्यटन स्थल तथा सौंदर्यकरण को दशार्या गया है।



वन्यजीवन पुस्तक सफरनामा का विमोचन करते जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह

हिंदी में प्रकाशित वन्यजीवन का यह सफरनामा पीलीभीत के पर्यावरण संरक्षण व पर्यटन क्षेत्र के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा।

पुस्तक सफरनामा अनावरण में जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर,

महोत्सव के नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी, मेले के सहयोगी मोहित शुक्ला, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एवं लेखक बिलाल मियां खान , मोहम्मद हिलाल , दानिश खान मौजूद रहे।

## होली पर खेलों का रंग: रस्साकशी में बी.फार्मा नंबर वन, क्रिकेट में रॉयल फार्मा चैंपियन

- पीआरपीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी मेडिकेयर हॉस्पिटल में दिनभर रहा उत्सव का माहौल

**पूरनपुर।** होली के पावन पर्व से पूर्व पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी मेडिकेयर हॉस्पिटल (पीआरपीएस) में आयोजित होली मिलन समारोह खेल, सम्मान और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम बन गया। आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, पत्रकारों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे दिन परिसर में उत्साह, ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम की शुरूआत खेल प्रतियोगिताओं से हुई। 100 मीटर दौड़ में प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। तेज रफ्तार मुकाबले में दिलशाद ने शानदार प्रदर्शनख करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। अहेतशाम दूसरे और दुर्वेश तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। रस्साकशी प्रतियोगिता में बी.फार्मा प्रथम वर्ष की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और शक्ति का परिचय दिया। दर्शकों की हौसला अफजाई और तालियों की गूंज ने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया।क्रिकेट फाइनल बना आकर्षण का केंद्र

क्रिकेट फाइनल मुकाबला कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। रॉयल फार्मा और फार्मा वॉरियर के बीच खेले गए इस मुकाबले में कांटे की टक्कर देखने को मिली। रॉयल फार्मा टीम ने संतुलित बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी के दम पर जीत दर्ज कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। टीम के कप्तान तनवीर खान की नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक फैसलों की सराहना की गई।फार्मा वॉरियर टीम ने कप्तान अहेतशाम के नेतृत्व में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः जीत से चूक गई। मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शंकर भच्चार को ह्यमैन ऑफ द मैचह्न घोषित किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के उपरांत पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्र के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों को स्मृति चिन्ह (मेमेण्टो) और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। सेहरामऊ उत्तरी थाना प्रभारी संजय सिंह को भगवान श्रीराम की प्रतिमा देकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम से आपसी सौहार्द बढ़ता है। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। कॉलेज के एमडी अमित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि होली मिलन जैसे आयोजन आपसी भाईचारे, संवाद और सकारात्मक संबंधों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र और पत्रकार समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, और ऐसे कार्यक्रम पारस्परिक सहयोग एवं विश्वास को बढ़ावा देते हैं। भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। समारोह का समापन आपसी शुभकामनाओं और होली की अग्रिम बधाइयों के साथ हुआ। पूरे आयोजन में खेल भावना, सम्मान और सामाजिक समरसता का प्रेरक संदेश देखने को मिला।



पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फामेर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल (पीआरपीएस) के चेयरमैन अमित मिश्रा विजय क्रिकेट टीम को ट्राफी देते हुए

# एडीजी कार्यालय में धूमधाम से मना रंगोत्सव, हुई फूलों की बरसात

- होली के गीतों पर झूमे पुलिस अफसर
- सौहार्द के साथ बढ़े संबंधों में दृढ़ता और विश्वास

जागरण मोर्चा कार्यालय







**बरेली।** एडीजी जोन कार्यालय में रविवार को परंपराओं का निर्वहन करते हुये भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर संवाद, सद्भाव और समन्वय को और मजबूत करना था। समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। सभी पुलिस अधिकारियों और पत्रकारों का अबीर गुलाल का तिलक लगाकर तथा पारंपरिक पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। इसके बाद फूलों की होली खेली गई। गुलाब और गेंदा की पंखुड़ियों से सजा परिसर उत्सव के रंग में रंग गया। अधिकारियों और पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एडीजी रमित शर्मा के साथ डीआईजी अजय कुमार साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीख, आईपीएस अंशिका वर्मा, आईपीएस सोनाली मिश्रा, एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा, एएसपी पीलीभीत विक्रम दहिया तथा एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष सिंह होली के गीतों पर झूमते नजर आये। एडीएम की गजलों पर उपस्थित पुलिस और पत्रकारों का समूह मंत्रमुग्ध हो गया।

समारोह के दौरान तैयार किया गया सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा, जहां अधिकारियों और पत्रकारों ने साथ खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाईं। सबसे खास बात ये रही कि आये हुये सभी लोगों को तत्काल सेल्फी प्वाइंट की तस्वीर भेंट की गई। एडीजी के साथ फोटो खिंचवाने वालों की होड़ लगी रही। अपने स्वभाव के अनुरूप बड़ी विनम्रता और सहजता से उन्होंने सभी के साथ होली खेली, फोटो खिंचवाये, व्यक्तिगत सभी से मिले और शुभकामनाएं दीं। होली के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को और उल्लासपूर्ण बना दिया। रोहित राकेश, सुल्तान जहां और जहीर एंड पार्टी, जगदीश पाटनी समेत कलाकारों ने अपने गीतों से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

समारोह के समापन अवसर पर एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि रंगोत्सव का ये त्योहार जोन कार्यालय में परंपरागत ढंग से मनाया जाता रहा है। परिपाटी को आगे बढ़ाते हुये कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ऐसे आयोजन आपसी दूरी कम करने और विश्वास बढ़ाने का माध्यम होते हैं। पुलिस और मीडिया दोनों समाज की अहम इकाइयां हैं, ऐसे आयोजनों से सकारात्मक संवाद को मजबूती मिलती है। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। एडीजी कार्यालय की यह पहल केवल एक होली मिलन तक सीमित नहीं रही, बल्कि परंपरा के रूप में भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संदेश दे गई। आयोजन को सफल बनाने में इंस्पेक्टर विलप्व शर्मा, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, इंस्पेक्टर अशोक कुमार, इंस्पेक्टर नीरज शर्मा सहित जोन कार्यालय के सभी पुलिसकर्मियों ने आयोजक की सक्रिय भूमिका निभाई।

# कड़ी सुरक्षा में आज निकलेगी रामबरात

- छतों तक की गई जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** 166 साल पुरानी ऐतिहासिक रामबरात आज शहर की सड़कों पर निकलेगी और पूरे शहर में आस्था का उत्सव सजेगा। संवेदनशील इलाकों से गुजरने वाली इस शोभायात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। रूट निरीक्षण से लेकर देर रात तक गश्त और वर्चुअल बैठकों तक, सुरक्षा का ऐसा घेरा बुना गया है कि किसी भी तरह की शरारत की गुंजाइश न रहे। रविवार को एसपी सिटी मानुष पारीक ने सीओ प्रथम शिवम आशुतोष और सीओ द्वितीय अंजनी कुमार तिवारी के साथ बिहारीपुर से कुतुबखाना, बड़ा बाजार और आलमगीरिगंज तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाएं परखी। सड़कों की हालत, नालियों की सफाई, झूलते बिजली तार और संभावित अवरोध चिह्नित किए गए। रूट के मकानों की छतों पर रखी ईंट-पत्थरों की तलाशी कराई गई और लोगों से निर्माण सामग्री हटाने को कहा गया, ताकि शोभायात्रा के दौरान कोई व्यवधान न हो।

अब तक बमनपुरी से रामबरात के साथ ही चाहबाई से नृसिंह शोभायात्रा निकाली जाती थी। कुतुबखाना पर दोनों शोभायात्राएं मिल जाती थीं। भीड़ बढ़ने से शोभायात्रा और भव्य हो जाती थी। अलग-अलग तिथियों पर शोभायात्राएं निकलने से उनमें भीड़ कम रहने की उम्मीद है।

### आधी रात सड़कों पर उतरे वरिष्ठ अफसर

शनिवार देर रात एडीजी, डीआईजी और एसएसपी ने शहर के थानों, चौकियों और डायल-112 सेवा का औचक निरीक्षण किया। पीआरवी गाड़ियों का रिस्पॉन्स टाइम चेक किया गया और स्पष्ट निर्देश दिया गया कि त्योहार के दौरान सूचना मिलते ही तत्काल प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद शहर में गश्त कर सुरक्षा का जायजा लिया। इसके साथ ही देर रात गूगल मीट के जरिए सभी सीओ और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर कड़े निर्देश दिए गए। होलिका दहन स्थलों के सत्यापन, निर्धारित समय सीमा और अग्निशमन विभाग से तालमेल पर विशेष जोर दिया गया।

### पूरा पुलिस बल रहेगा तैनात

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले का पूरा पुलिस बल फील्ड में रहेगा। दफ्तरों में तैनात स्टाफ भी ड्यूटी करेगा। दो कंपनियां पीएसी पहले से मौजूद हैं, दो और मंगाई गई हैं। एक कंपनी आरएएफ भी तैनात रहेगी। मिश्रित आबादी और बाजार क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई गई है। डीजे संचालकों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि अश्लील या भड़काऊ गीत नहीं बजेंगे। सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### होलिका दहन और जुलूस पर कैमरों की नजर

शहर क्षेत्र में 867 स्थानों पर होली जुलूस और होलिका दहन होंगे। संवेदनशील श्रेणी के स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जहां सीसीटीवी नहीं थे, वहां स्थानीय सहयोग से कैमरे लगाए जा रहे हैं। विवादित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और कड़ी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की गई है।

## खामेनेई की मौत पर बरेली में उबाल मौलाना ने अमेरिका-इस्राइल को घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर ने बरेली में सियासी पारा चढ़ा दिया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी ने तीखे शब्दों में प्रतिक्रिया देते हुए इसे मिल्लत का अजीम नुकसान बताया और खुलकर अमेरिका व इस्राइल पर हमला बोला। उनका कहना है कि यह सिर्फ ईरान का नहीं, पूरी इस्लामी दुनिया का ग़म है। मौलाना रजवी ने आरोप लगाया कि यह घटना अचानक नहीं हुई, बल्कि लंबे समय से रची जा रही साजिश का परिणाम है। उनके अनुसार अमेरिका और इस्राइल वर्षों से ईरान की सत्ता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय नियमों और मानवीय मर्यादाओं के खिलाफ है। रजवी ने कहा कि खामेनेई की मौत के बाद हालात बेहद गंभीर हो सकते हैं। उनका मानना है कि इससे मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति को नहीं संभाला गया तो संघर्ष और भी भयानक रूप ले सकता है। मौलाना ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर सीधे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने कहा कि ताकत के बल पर किसी देश को झुकाने की कोशिश विश्व शांति के लिए खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान पर की गई बमबारी से अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना हुई है। मौलाना बरेलवी ने भारत सरकार से अपील की कि ईरान और अन्य अरब देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति बिगड़ती है तो वहां रह रहे भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने की ठोस व्यवस्था की जाए। आक्रामक बयान के साथ ही मौलाना ने लोगों से अपील की कि विरोध और शोक शांतिपूर्वक ढंग से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून को हाथ में न ले और देश में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखे।

## लापरवाही से युवक की मौत महाजन अस्पताल में बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय





बरेली। स्टेडियम रोड स्थित महाजन अस्पताल एक बार फिर सुर्खियों में है। दो हफ्ते पहले छेड़छाड़ के मामले से घिरा यह निजी अस्पताल अब इलाज में लापरवाही के आरोपों से घिर गया है। युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। हालात बेकाबू होते देख पुलिस फोर्स तैनात करनी पड़ी। इस मामले में पीड़ित परिवार ने बारादरी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

फरिदपुर निवासी धारम ने बारादरी थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके भतीजे महेंद्र पाल 16 फरवरी को ग्वालियर में सड़क हादसे में घायल हुए थे। वहां प्राथमिक इलाज के बाद 17 फरवरी को उन्हें बेहतर उपचार के लिए बरेली के महाजन अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का दावा है कि 28 फरवरी तक अस्पताल प्रशासन मरीज की हालत सामान्य और स्थिर बताता रहा। डिस्चार्ज की तैयारी कर पूरी रकम जमा करा ली गई। डॉक्टर की सलाह पर एक दिन और रुकने का फैसला किया गया, लेकिन यही एक रात मौत की रात बन गई।

परिवार का आरोप है कि शनिवार देर रात ड्यूटी स्टाफ ने डॉक्टर के निर्देश पर मरीज के हाथ बांध दिए और नाक में नली डाली। नली सही से नहीं डाली गई। विरोध के बावजूद दोबारा कोशिश की गई। कुछ ही मिनटों में महेंद्र की हालत बिगड़ी और फिर वह नहीं रहे। अस्पताल ने मौत का कारण हृदयाघात बताया, लेकिन परिजनों का आरोप है कि भारी-भरकम बिल वसूलने के बाद लापरवाही की गई। जब मेडिकल फाइल मांगी गई तो दस्तावेज देने से इनकार कर दिया गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। अस्पताल के बाहर और अंदर जोरदार हंगामा हुआ। हालात बिगड़ते देख बारादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अतिरिक्त फोर्स तैनात करनी पड़ी। देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा।

यही अस्पताल दो सप्ताह पहले एक छेड़छाड़ प्रकरण को लेकर भी चर्चा में आया था। ढ्रष्ट के बाहर सो रही युवती से कथित तौर पर सुरक्षा गार्ड ने अशोभनीय हरकत की थी। उस मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन कार्रवाई पर सवाल उठे थे। लगातार दो घटनाओं ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और इलाज की पारदर्शिता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। बारादरी पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे का कहना है कि पीड़ित परिवार की तहरीर मिली थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिवार को सौंप दिया गया है।

### अस्पताल प्रबंधन की सफाई

महाजन अस्पताल के संचालक राजेश कुमार महाजन ने पूरे घटनाक्रम को निराधार बताया है। उनका कहना है कि इलाज पूरी चिकित्सकीय प्रक्रिया और मानकों के अनुरूप किया गया। मरीज की हालत पहले से गंभीर थी और अचानक कार्डियक अरेस्ट आने से मृत्यु हुई। उन्होंने चार लाख रुपये की वसूली के आरोपों को भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अस्पताल ने पारदर्शी बिलिंग की है और कोई जबरन वसूली नहीं की गई।

## धोखेबाजों ने बेच डाली चर्च की एक हजार करोड़ की प्रापर्टी, मिशन कंपाउंड के पांच लोगों को नोटिस जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सिविल लाइंस जैसे पाश इलाके में करीब एक हजार करोड़ रुपये की बेशकीमती नजूल (सरकारी) जमीन को अवैध तरीके से बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में बरेली के मिशन कंपाउंड निवासी पांच लोगों को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब तलब किया गया है। आरोपी प्रापर्टी माफियाओं के खिलाफ एफआईआर की तैयारी है। मुरादाबाद में पीलीकोठी से बिंदल तक गाटा संख्या 424 ए व 424 ब की करीब साढ़े 11 एकड़ नजूल भूमि वर्ष 1917 में एमए मिशन मैथोडिस्ट चर्च को पट्टे पर दी गई थी। शर्त साफ थी कि 90 वर्ष पूरे होने पर भूमि स्वतः नजूल में दर्ज हो जायेगी। हर 30 साल में नवीनीकरण अनिवार्य होगा। बिना जिलाधिकारी की अनुमति तय शर्तों के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हो सकती थी और नया निर्माण भी प्रतिबंधित था।

मैथोडिस्ट चर्च के पदाधिकारियों ने पट्टे की शर्तों का उल्लंघन करते हुए जमीन बरेली की फर्म विलियम कंस्ट्रक्शन को डीड कर दी। इतना ही नहीं, डीड में पट्टे के हस्तांतरण की बात कहते हुए बेचने तक के अधिकार दे दिये गए, जबकि राजस्व नियमों के अनुसार पट्टे का पट्टा नहीं होता। शासन की अनुमति के बिना किसी भी पट्टे का हस्तांतरण संभव नहीं है। धोखेबाजों ने शासन तो दूर, जिला स्तर पर भी कोई विधिक अनुमति नहीं ली।

विलियम कंस्ट्रक्शन ने वर्ष 2013 में पूरी करीब साढ़े 11 एकड़ भूमि की अवैध प्लाटिंग कर डाली। देखते-देखते सरकारी जमीन पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स से लेकर आलीशान कोठियां तक खड़ी हो गईं। एडीएम की रिपोर्ट में इस पूरे खेल से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की सरकारी क्षति का आंकलन किया गया है।

डीएम मुरादाबाद अनुज सिंह को रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद विस्तृत जांच के निर्देश दिये गये। शनिवार को एडीएम ममता मालवीय की ओर से विलियम कंस्ट्रक्शन के विलियम दिलावर, मनोहर लाल, विकास गुप्ता, पाल सारस्वत एवं लक्ष्मी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर दिये गये। सभी बरेली में मिशन कंपाउंड और कैंट क्षेत्र के रहने वाले हैं। पांचों को 15 दिन के भीतर पेश होकर जवाब देना होगा। माना जा रहा है कि बयान दर्ज होते ही इस खेल से जुड़े कई और चेहरे बेनकाब होंगे।

राजस्व नियम स्पष्ट कहते हैं कि पट्टे का हस्तांतरण केवल शासन की अनुमति से ही संभव है। ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर अवैध डीड और प्लाटिंग बिना विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं मानी जा रही। जांच आगे बढ़ने के साथ तत्कालीन अफसरों की भूमिका भी कठघरे में आ सकती है। डीएम ने बताया कि रिपोर्ट में एक हजार करोड़ की क्षति का आंकलन किया गया है। संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नजूल की भूमि को पुनः उसी श्रेणी में दर्ज कराकर सरकारी कब्जे में लेने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### मजलिस के बाद सड़कों पर निकला मातमी जुलूस

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के सेंथल कस्बे में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई के इंतकाल की खबर से गहरा शोक छा गया। शनिवार को शिया समुदाय ने गमगीन माहौल में इमामबाड़ा कला में मजलिस का आयोजन कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। मजलिस के दौरान उलेमाओं ने खामेनेई को इस्लामी दुनिया का बड़ा रहनुमा बताते हुए कहा कि उनका निधन उम्मत के लिए बड़ी क्षति है। सोजख्वानी और तकरीरों के दौरान अकीदतमंदों की आंखें नम हो गईं। मजलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर दुआ-ए-मगफिरत की। मजलिस के बाद अकीदतमंदों ने कस्बे में मातमी जुलूस निकाला। सीना-ज़नी करते हुए लोगों ने गम का इजहार किया। जुलूस में युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों समेत बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग शामिल हुए। रास्ते भर खामोशी और मातम का माहौल बना रहा।

## होली पर यात्रियों के लिए रेलवे का बड़ा तोहफा, कई ट्रेनों के बढ़ाए फेरे

# कल से फिर पटरी पर दौड़ेंगी 38 गाड़ियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** होली पर घर जाने की जद्दोजहद के बीच यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। रेलवे ने कल से कई प्रमुख ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिए हैं और जो 38 अप-डाउन ट्रेनें निरस्त चल रही थीं, वे भी कल से ही फिर पटरी पर दौड़ने लगेंगी। स्टेशन पर टिकट काउंटर और आरक्षण सूची में बढ़ती भीड़ के बीच यह फैसला हजारों यात्रियों के लिए राहत लेकर आया है।

आनंद विहार-भागलपुर गरीब रथ, बाघ एक्सप्रेस, कोलकाता-अमृतसर और अवध असम एक्सप्रेस समेत कई लंबी दूरी की गाड़ियों के फेरे कल से बढ़ा दिए गए हैं। जिन ट्रेनों में सीमित संचालन के कारण लंबी वेटिंग चल रही थी, अब उनमें अतिरिक्त दिवसों पर भी सेवा मिलेगी। इससे पूर्वांचल, बिहार, पंजाब और बंगाल की ओर जाने वाले यात्रियों को सीधा फायदा होगा।

### 38 निरस्त ट्रेनें भी कल से फिर शुरू

दिसंबर में परिचालन कारणों से रद्द की गई 38 ट्रेनों का संचालन भी कल से बहाल किया जा रहा है। दिल्ली, जम्मू, देहरादून, अमृतसर और पूर्वोत्तर की दिशा में जाने वाले यात्रियों के लिए यह बड़ा अपडेट है। रेलवे ने संबंधित स्टेशनों पर तैयारियां पूरी कर ली हैं और समय सारिणी के अनुसार ट्रेनें दौड़ेंगी। चार जोड़ी पैसेंजर गाड़ियां—बरेली-दिल्ली, बरेली-मुरादाबाद, बरेली-रोजा और बरेली-अलीगढ़—भी कल से दोबारा चलेंगी। बरेली-अलीगढ़ के बीच दूसरी जोड़ी भी सेवा में शामिल हो जाएगी। छोटे स्टेशनों के दैनिक यात्रियों को इससे बड़ी राहत मिलेगी, जो पिछले दिनों वैकल्पिक साधनों पर निर्भर थे।

### एसी में लंबी वेटिंग, होली पर बढ़ी मांग

गर्मी की दस्तक के साथ एसी कोचों में सीटों की मांग 40 फीसदी तक बढ़ गई है। एसी तृतीय और एसी द्वितीय श्रेणी में लंबी वेटिंग चल रही है, जबकि स्लीपर में पहले जैसी भीड़ कम दिखाई दे रही है। होली सप्ताह में कई ट्रेनों में 'नो रूम' की स्थिति बनी हुई है। त्योहार के दौरान महिला यात्रियों की संख्या बढ़ने को देखते हुए लंबी दूरी की ट्रेनों में महिला स्क्वॉड तैनात किए जाएंगे। ज्यादा महिला आरक्षण वाली गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि सफर सुरक्षित और शांतिपूर्ण रहे।

# मड़ैयान बदे गांव में सरकारी खड़ंजे से निकाला जयतोली- मदारपुर मार्ग



शाहबाद के मड़ैयान बदे गांव में ग्रामीणों को समझाते तहसीलदार अमित कुमार सिंह

- ग्रामीणों पतले रास्ते पर रोड डालने का कर रहे थे विरोध, जल निकासी की समस्या बताई
- किसान द्वारा कोर्ट में केस करने के कारण प्रभावित हो रहा था परियोजना का काम, आवागमन भी था प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** जयतोली- मदारपुर रोड की परियोजना पूरी कर आवागमन को सुचारू करने के लिए कार्यदाई संस्था द्वारा शाहबाद तहसील क्षेत्र में मड़ैयान बदे गांव के सरकारी खड़ंजे से रोड को निकाला जा रहा है, हालांकि ग्रामीण उस रास्ते को संकरा और जल निकासी की समस्या बताते हुए विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों के विरोध को शांत करने के लिए मौके पर पहुंचे तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराते हुए जल निकासी के इंतेजाम करने के निर्देश दिए।

बताते चले कि पटवाई के मदारपुर से लेकर शाहबाद के जयतोली लिंक रोड को जोड़ते हुए सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसके लिए मदारपुर पर पुल का निर्माण भी किया गया है। रोड मड़ैयान बदे गांव से होकर शाहबाद जयतोली रोड पर आकर मिल रहा है, जिसके चलते शाहबाद की ओर से पटवाई जाने वाले के लिए लगभग 9 किलोमीटर की दूरी कम हो रही है। परियोजना के काम के बीच मड़ैयान बदे के एक किसान द्वारा सर्कल रेट से अधिक पैसे मांगने और पीडब्ल्यूडी विभाग पर कोर्ट में केस करने के चलते काम प्रभावित हो रहा था। रोड पर आवागमन सुचारू कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने मड़ैयान बदे गांव के बराबर से गुजर रहे सरकारी खड़ंजे की पैमाईश कराई गई। सरकारी खड़ंजे की चौड़ाई उचित होने पर कार्यदाई संस्था ने उस पर मिट्टी डालकर रोड बनाने का काम शुरू कर दिया ताकि परियोजना का काम न रुके और आवागमन भी प्रभावित न हो। उधर स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की जलनिकासी की समस्या का भी समाधान करा दिया गया वहीं रोड की चौड़ाई कम होने की आशंका भी दूर की गईं। सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षक जयप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**हमारे पास मड़ैयान बदे गांव के ग्रामीणों के शिकायत आई थी, जिसमें ग्रामीणों को आशंका थी कि रोड निजी जमीन में डाल सकते है वहीं कुछ ग्रामीण जलनिकासी न होने पर जलभराव की शिकायत भी कर रहे थे। ग्रामीणों की समस्या का समाधान करा दिया गया है।**

**अमित कुमार सिंह,तहसीलदार शाहबाद**

**मदारपुर- जयतोली रोड की परियोजना पूरी होने में एक किसान द्वारा कोर्ट में केस करने के बाद रुकावट आ रही थी, किसान की लगभग 200 मीटर जगह आ रही है वह अपनी जमीन का सर्कल रेट से कई गुना अधिक मुआवजा मांग रहा है, जो दे पाना मुमकिन नहीं है, परियोजना सुचारू करने के लिए फिलहाल रोड को सरकारी खड़ंजे से निकाला जा रहा है। आगे कोर्ट के फैसले के बाद तय किया जाएगा। सरकारी खड़ंजे की पैमाइश कराई गई है साढ़े पांच मीटर जगह है,जिस पर रोड बनाकर लिंक रोड से जोड़ा जा रहा है।**

**राजपाल सिंह ठेकेदार,जयतोली-मदारपुर मार्ग**

## नाबालिग के अपहरण में तीन पर रिपोर्ट

**मिलक।** नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर तीन युवकों ने अपहरण कर लिया। घर में रखी नकदी और जेवरात भी साथ ले गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को क्षेत्र के ग्राम मझरा घोसीपुरा निवासी उस्मान,अनीश और शफीक बीते 26 फरवरी को देर रात घर से अपहरण करके अपने साथ ले गए।आरोप लगाया की पुत्री के साथ चार तोला सोना व चांदी का आभूषण के साथ कुछ नगदी भी आरोपी ले गए हैं। जब उन्होंने आरोपियों घर जा कर पुत्री की वापस करने की मांग की तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। उन्होंने पुलिस से अपनी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना न होने की आशंका जताते हुए पुत्री की बरामदगी की मांग की है।

# महिला सिपाही ने मिशन शक्ति पांच के बारे में दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुलशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा होली और ईद के मौके पर मोहल्ला बाजोड़ी टोला में कार्यक्रम का आयोजन किया।बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर सोसाइटी के ओर से महिलाओं को वस्त्र वितरित किए।

इस मौके थाना गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा, महिला शक्ति अभियान की प्रभारी रीना शर्मा ने मिशन शक्ति 5.0 के बारे में जानकारी दी।

महिलाओं को इसकी शुरूआत और इसके उद्देश्यों के बारे में बताया` उन्होने बताया कि मिशन शक्ति 5 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गया एक प्रमुख अभियान है जो महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पुलिस गश्त जागरूकता और सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और 1090/112 जैसी हेल्पलाइन से त्वरित सहायता सुनिश्चित करना है।

इस मौके पर गुलशन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश सचिव वसीम खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज, उपाध्यक्ष रानी खान, डा. यामीन, फसाहत अली खान, समीना खान, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी खान और संचालन मोहम्मद इश्तियाक ने किया।



महिलाओं को संबोधित करते महिला पुलिसकर्मी

# होली का पर्व आपसी सौहार्द भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडेय द्वारा रविवार को थाना स्वार क्षेत्र में होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों,कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

होलिका दहन स्थलों पर अग्नि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया। क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा आमजन से अपील की गई कि होली का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं । किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गई।



लोगों से बातचीत करते सीओ स्वार

## देवर ने पत्नी संग मिलकर भाभी पर किया जानलेवा हमला

**टांडा।** थाना क्षेत्र के गांव लांबाखेड़ा में घर के सामने शराब पीकर गाली-गलौज करने से मना करने पर देवर ने पत्नी के साथ मिलकर भाभी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।घायल का सीएचसी में उपचार कराया गया। क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा देवर यूनिस ने अपनी अपनी पत्नी के साथ मिलकर भाभी अमीर जहां के घर में घुसकर धारदार हथियार से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के समय अमीर जहां घर में अकेली थीं।पीड़िता के अनुसार, उन्होंने केवल इतना कहा था कि घर के सामने शराब पीकर गालियां न दी जाएं। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने उन पर हमला किया। हमले के बाद आसपास के लोगों की मदद से हमलावर पति-पत्नी फरार हो गए। पीड़िता के पति के घर पहुंचने पर घायल को तुरंत टांडा थाने ले जाया गया। पुलिस ने पीड़िता को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। अमीर जहां ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# फिल्मी गानों पर थिरकी महिलाएं लगाया एक दूसरे के लगाया गुलाल



**रामपुर।** रामपुर लेडीज क्लब की ओर से शहर स्थित नीरू लॉन में होली के महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। उसके बाद एक दूसरे के गुलाल लगाया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी फिल्मी गानों पर जमकर थिरंकी। देर शाम तक कार्यक्रम चलता रहा। कार्यक्रम में वंदना, सुरभि, शिवांगी,रुचि, विशाखा, शीतू, अदिति मौजूद रही।

# दुपट्टे से गला घोंटने का आरोप में पति समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

**नहटौर।** दहेज उत्पीड़न और जान से मारने के प्रयास के गंभीर आरोपों में पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई, जिसके बाद मामले में विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सदुपुरा निवासी राजकुमारी पुत्री रधुवीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह 29 अप्रैल 2025 को थाना नहटौर क्षेत्र के गांव मंडोरी निवासी देशराज सिंह के साथ हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के समय उसके मायके पक्ष ने सामर्थ्य के अनुसार नकदी, आभूषण और घरेलू सामान दिया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता के अनुसार 21 दिसंबर 2025 को पति और अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान दुपट्टे से उसका गला घोंटने का प्रयास भी किया गया। किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से छूटी और डायल 112 पर सूचना दी। बाद में उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने जेठ पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बीएसए ने चयनित छात्र-छात्राओं को दी बधाई

**रामपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025-26 में कंपोजित विद्यालय सोहना से 6 बच्चों का चयन हुआ है।जिसमें सभी की रैंक 30 के अंदर हैं। जिसमें विनय सागर पुत्र नेकपाल रैंक 14, अंशी गौतम पुत्री महेंद्र रैंक-17 अर्पित गौतम पुत्र बृजपाल सिंह रैंक 18 मिली। इसके अलावा मेहनाज पुत्री अब्दुल हसन रैंक 27, अक्सा पुत्री खलील अहमद रैंक 27, कनक पुत्री गंगासरन रैंक 28 रही है। सोहना विद्यालय का नाम गौरवान्वित करने के लिए विद्यालय परिवार की तरफ से सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। इसके अलावा राष्ट्रीय आय एवं पात्रता परीक्षा 2025-26 में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल विकास खंड चमरौआ के कुल 7 छात्र, छात्राओं का चयन हुआ।जिसमें नेहा बी की रैंक 10, विकास की 11,संदीप की 13 ,विकास की 14, आरती की 15 ,उर्मिला की 24 और खुशबू की 30 रैंक आई। बीएसए कल्पना देवी ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

# 26 मार्च को चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की जयंती मनाने को लेकर तैयार की रूपरेखा

- गांव गांव जाकर समाज को किया जाएगा जागरूक बनाई टीमें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** अखिल भारतीय मौर्य महासभा द्वारा की वर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य के निवास पर दिल्ली से आए अखिल भारतीय मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मौर्य की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें 26 मार्च को नगर पंचायत मसवासी कार्यालय परिसर में चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की जयंती मनाए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की।

इस मौके पर अखिल भारतीय मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रत्येक विधानसभा में मौर्य समाज काफी तादाद में निवास करता है। हमें अपने समाज की एकता को आज प्रदर्शित करने की आवश्यकता है ओबीसी में सबसे बड़ी संख्या में हमारा समाज आता है तथा सरकारे बनाने का भी दमखम रखता है । इस मौके पर नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि आज के समय में हमें हमारे समाज को एकजुट रहने की परम आवश्यकता है क्योंकि उत्तर प्रदेश एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा रामपुर जनपद में भी हमारा समाज लाखों की संख्या में है तथा सम्राट अशोक मौर्य महान की जयंती बड़े ही धूमधाम से 26 मार्च 2026 को नगर पंचायत मसवासी कार्यालय परिसर में मनाई जाएगी। जिसमें जनपद के अलावा अन्य जिलों से भी समाज के लोग आएंगे तथा समाज की एकता पर बल दिया। इस मौके पर अखिल भारतीय मौर्य महासभा के प्रदेश सलाहकार एवं और ओबीसी मोर्चा के भाजपा जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ने कहा कि हमारा समाज प्रत्येक गांव में निवास करता है। जयंती के माध्यम से गांव गांव में प्रचार किया जाएगा तथा सम्राट अशोक मौर्य एवं चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन के बारे में बताकर जागरूक किया जाएगा जिससे आने वाली पीढ़ी को भी सम्राट अशोक के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए की किस तरह उन्होंने विशाल साम्राज्य की स्थापना की तथा शासन चलाया तथा सम्राट अशोक स्तंभ एवं उनके महान कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में आए सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत भी किया गया । 26 मार्च को जयंती को लेकर कार्यक्रम में रूपरेखा के साथ-साथ जिम्मेदारियां भी वितरित की। गांव-गांव टीमें लगाई। इस मौके पर अखिल भारतीय मौर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह मौर्य एडवोकेट, की निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य, पूर्व अध्यक्ष महेश मौर्य, संजीव कुमार वर्मा, बिनेश मौर्य, भूपसिंह मौर्य, अतर सिंह मौर्य, राजेश मौर्य, मदनलाल मौर्य, दीपक मौर्य, पुलकित मौर्य, मयंक मौर्य शगुन मौर्य, परमिंदर मौर्य ,केशव मौर्य, सोहन सिंह सोना, धर्मेंद्र मौर्य, रविंद्र मौर्य, हरिश्चंद्र मौर्य, नरेंद्र मौर्य आदि काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# होली पर अस्पतालों में 24 घंटे तैनात रहेंगे चिकित्सक

- सीएमओ ने सभी चिकित्सा अधीक्षक को दिए आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों का अवकाश निरस्त करते हुए 24 घंटे तैनात रहने के आदेश दिए हैं, ताकि इमरजेंसी में घायलों को परेशान न होना पड़े।

होली के मौके पर स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। सड़क हादसे होने के साथ ही मारपीट समेत कई घटनाएं होने के कारण अस्पतालों में मरीजों की भीड़ रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही तैयारी कर ली है। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी के अलावा जिला अस्पताल में चिकित्सकों को स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात रहने के आदेश दिए हैं, ताकि स्वास्थ्य सुविधा के लिए किसी को परेशानी न उठानी पड़े। बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर दो मार्च से चार मार्च तक चिकित्सकों को तैनात रहना होगा। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे जारी रखी जाएंगी। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्रों पर सफाई व्यवस्था का विशेष ख्याल रखने के निर्देश भी हैं। इसके अलावा सीएमओ ने सभी अस्पतालों में जरूरी दिशा निर्देश जारी किए है। होली में इमरजेंसी स्थिति से निपटने के लिए जरूरी दवाओं को उपलब्ध रहे और इमरजेंसी की स्थिति से निपटने के लिए इंतजाम किए जाए। इमरजेंसी सेवाओं के लिए अस्पतालों में 24 घंटे स्टाफ तैनात रहे। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और मरीजों को समय पर सही इलाज मिल सके। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना, डॉ.अनवर सादात ने स्टाफ कर्मियों को निर्देशित किया डयूटी में किसी भी प्रकार की कोताही न होनी चाहिए।

# शहजादनगर में रेलवे ट्रैक पर कटने से अधेड़ की मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र धमोरा में रेलवे लाइन पर ग्रामीणों ने अधेड़ का शव देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दे दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित रही।

घटना थाना क्षेत्र के शंकरपुर और धमोरा के बीच रेलवे ट्रैक पर रविवार तड़के की है। बताया जा रहा है। तड़के कुछ ग्रामीण अपने खेतों पर घूमने गए तो शंकरपुर और धमोरा के बीच रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने शहजादनगर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटा कर एक साइड रखा और क्षेत्र के आसपास गांव से सम्मानित लोगों को बुलाकर शिनाख्त करानी चाही तो इस दौरान मृतक के भाई मित्रपाल और सौदान सिंह ने 45 वर्षीय बृजलाल पुत्र भीमसेन के रूप में की है। भाईयों ने बताया कि बृजलाल पहले से ही मंदबुद्धि है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे दिया। बृजलाल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जिससे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कर्मचारियों को वेतन न देकर सरकार की वादाखिलाफी: रामबाबू शर्मा

- कर्मचारियों के वेतन को परिषद के पदाधिकारियों ने की जिलाधिकारी से मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कर्मचारियों को वेतन न मिलने को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा के नेतृत्व में शिष्टमंडल डीएम से मिला। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली के पर्व पर कर्मचारियों को वेतन न देकर कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी की है। जिसको लेकर के कर्मचारियों में भारी रोष व आक्रोश व्याप्त है।

कहा कि सरकार और कर्मचारियों के बीच पूर्व में एक समझौता हुआ था। यदि 25 तारीख के बाद कोई भी त्यौहार पड़ता है तो उससे पूर्व कर्मचारियों को वेतन देने का एक समझौता था। परंतु सरकार ने समझौते कभी उल्लंघन किया है। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने सरकार के इशारे पर ही ई-कार्यालय पोर्टल लोगिन ना होने का बहाना बनाकर के 11 विभागों के कर्मचारियों का वेतन रोक दिया था। जबकि यह कार्यालय पोर्टल लगभग 2 वर्ष पूर्व बना है। जोकि लैपटॉप या कंप्यूटर से ही चल सकता है। मोबाइल के द्वारा इसका संचालन नहीं हो सकता, लेकिन कर्मचारियों को चलाने के लिए ना तो वीपीएन नंबर ही इश्यू किए गए हैं। इसको लेकर के परिषद के पदाधिकारी जिलाधिकारी, एडीएम, सीडीओ और मुख्य कोषागार अधिकारियों से मिले। इस दौरान मुराद अली खान, प्रशांत कुमार, अमित कुमार केवट, मनोज कुमार सक्सेना, शैलेंद्र कुमार सक्सेना, दिनेश कुमार अग्रवाल, राजीव कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।



कथा में मौजूद भक्त

# 90 वर-वधुओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ विवाह

- मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुरूप हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत आगापुर रोड स्थित गीत गोविन्द रिसोर्ट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 90 वर-वधुओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत विवाह सम्पन्न कराया गया। साथ ही मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुरूप सम्पन्न कराया।

कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा निर्धारित अनुदान राशि एवं उपहार सामग्री पात्र नवविवाहित जोड़ों को प्रदान की गई। इस अवसर पर वर-वधुओं एवं उनके परिजनों में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला।जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि विगत दिवसों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत जो पात्र जोड़े किसी कारणवश विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, उनका विवाह विधिक एवं विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को सामाजिक सहयोग प्रदान करते हुए उनके जीवन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को सरल बनाया जाए।

### फरवरी माह में भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम

समय-समय पर संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन कराए जाते हैं। फरवरी माह में भी दो बार जो पात्र जोड़े पाए गए थे। उनका विवाह कराया गया था। उसी के चलते रविवार को बचे हुए 90 जोड़ों का विवाह करवाया गया।

सुबह से ही जोड़ों का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया था जोकि दोपहर बाद तक चला था। सुरक्षा के लिहाज पुलिस बल भी तैनात रहा था।

# आयतुल्लाह अली खामेनेई की शहादत इंसानियत का कत्लः नवेद

- ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शोक जताया

जागरण मोर्चा कार्यालय



ईरान के राजनयिकों के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और ईरान के सुप्रीम लीडर की फाइल फोटो।

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन में अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री रहे नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर को बेहद अफसोसनाक बताया है।

उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत इंसानियत का कत्ल है। उनका कहना है कि यह केवल एक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का मुद्दा है। वो सिर्फ ईरान के लीडर नहीं थे, बल्कि पूरी दुनिया के लोग उनसे मोहब्बत और अकीदत रखते थे।

फिलिस्तीन के ऊपर इजराइल के हमले के खिलाफ आवाज खामेनेई ने ही बुलंद की थी। वो हर कमजोर, गरीब और मजलूम की आवाज थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि अमेरिका और इजरायल ने किस तरीके से दहशतगर्दी की है। पूरी मिडिल ईस्ट को जंग की आग में झोंक दिया है। दुनिया के हर एक मुल्क और हर इंसाफ पसंद इंसान को अमेरिका और इजरायल की इस दहशतगर्दी की निंदा करनी चाहिए, क्योंकि जिस तरीके से ये पूरी दुनिया को जंग में धकेल रहे हैं वो अफसोजनक है।

# मस्जिद शहीद सद्दन बाबा में जश्ने तकमील-ए-कुरान



मस्जिद शहीद सद्दन बाबा में में कुरान मुकम्मल होने पर हाफिजों की गुलपोशी करते लोग।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टेलीफोन एक्सचेंज कालोनी स्थित मस्जिद शहीद सद्दन बाबा में जश्ने तकमील-ए-कुरान में काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की। हाफिज मोहम्मद जमाल ने तरावीह की नमाज के दौरान कुरान सुनाया, जबकि समाअत के फराइज हाफिज अब्दुल समद ने अंजाम दिए। तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल होने के मौके पर हाफिज मोहम्मद जुनैद ने रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा इबादत और मां बाप की खिदमत करने की नसीहत की। नमाजियों ने हाफिजों की गुलपोशी की। दुआ के बाद मिठाई तकसीम की गई। इस मौके पर मस्जिद के इमाम शाहजहां आलम, मुतावल्ली दिलावर खां, ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां, कमाल हुसैन, नवेद हुसैन, हसनात अली खां, मशकूर अहमद खां, मोहम्मद अफरोज सैफी, खुशनूद खां, जीशान रजा खां, नाहिद खां गुड्डू, आदिल खां आदि ने हाफिजों और उलेमा की गुलपोशी की।

# स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

- लकी ड्रा के प्रथम विजेता को ग्राम प्रधान ने दी साइकिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को बिलासपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय गोकुल नगरी में वार्षिक उत्सव का आयोजन धूम धाम से किया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें गणेश वंदना, राम सिया राम,केसरी के लाल,मोबाइल बुरी वला, नाटक शिक्षा का महत्व,भांगड़ा,बंगाली, संस्कृति को दशार्ता नृत्य हो,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सामाजिक सन्देश दिया।

कार्यक्रम में आकर्षण का विषय लकी ड्रा रहा। जिसमें पढ़ेगा इंडिया बढेगा इंडिया, जिसमे बच्चों को पेंसिल बॉक्स, लंच बॉक्स,स्कूल नोटबुक्स,स्कूल बैग एव साइकिल का भी वितरण लकी ड्रा के माध्यम से किया। लकी ड्रा के प्रथम विजेता को ग्राम प्रधान दिवाकर सिकदर द्वारा पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट की। जहां एक ओर सरकारी विद्यालय के बारे में तमाम तरह की नकारात्मक भ्रंतियां समाज में फैली हुई हैं वहीं एक छोटा सा विद्यालय गोकुलनगरी नित्य नई ऊचांइयों को छूकर नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है चाहे वो- पढ़ाई के क्षेत्र में हो, खेल के मैदान में हो या सांस्कृतिक कार्यक्रम में हो। कार्यक्रम में अभिभावक ने भी बच्चों को अपनी तरफ उनके कार्यक्रम से खुश होकर धनराशि उपहार स्वरूप भेंट की। इस मौके पर अजित पाल सिंह, मोहन सिंह, उत्तम हलदर , ग्राम प्रधान दिवाकर सिकदर , उत्तम हलदर,एडवोकेट अजय राय , शंकर विश्वास, विपेंद्र कुमार, संजीव राठी, विवेक यादव, अमित कुमार, विप्लव कुमार, जागृति नामदेव, सविता रानी एवं आलिया बी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीश शर्मा द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्कूल का स्टॉफ

## मां पार्वती की हुई विदाई



**रामपुर।** प्राचीन शिव मंदिर मिलक के रठौडा स्थित शिव मंदिर में मां पार्वती की विदाई का गत वर्षो की भांति कार्यक्रम हुआ। जिसमें पंडित मुन्ना हरि के सानिध्य में रामपुर से पहुंचे भगवान भोलेनाथ पार्वती के वस्त्र,फल, मिठाइयां मेवा एवं पिचकारी व रंग आदि दिया। बाद में मंदिर के सभी पुजारियों का तिलक कर मिलाई दी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पुजारी शिव ओम शर्मा, मनोज शर्मा, मनोज अग्रवाल, अश्वनी त्यागी, पंडित मुन्ना हरि, प्रशांत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## यार्ड में गिरी क्लच के तार से बंधी पतंग, चौपट हुई बिजली

**रामपुर।** क्लच के तार से बंधी हुई पतंग पहाड़ी गेट बिजलीघर में गिर गई। जिससे उपकेंद्र से जुड़े कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति चौपट हो गई। बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पतंगबाजी का शौक बिजली विभाग को भारी पड़ रहा है क्योंकि पतंगबाज पतंगबाजरी करने में डोर के बजाए क्लच के तार का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तार के गिरने से बिजली की लाइनों में लगतार फॉल्ट हो रहे हैं। इसी वजह शहर के अधिकतर क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति घंटों घंटों तक ठप रही है। उधर बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी गेट, शाहबाद गेट, रजा बिजलीघर और डूंगरपुर क्षेत्र, सैजनी नानकार का बहुत बुरा हाल है। यहां के लोग पतंग में क्लच का तार बांधकर पतंग उड़ा रहे हैं। यह तार बिजलीघर यार्ड, लाइनों में गिर रहे हैं।



## उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों में रोष

**रामपुर।** प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद विद्रोही, एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के शिक्षकों एवं जिला शिक्षक एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा कराए जाने की अनिवार्यता के सम्बंध में विरोध किया। इस दौरान सामूहिक रूप से टेट अनिवार्यता के खिलाफ होली का त्यौहार न मनाने के लिए एक्स पर ट्वीट किया गया।



एससी, एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राम बहादुर गौतम के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष जबर सिंह के आवास सत्य विहार कालोनी में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता का विरोध किया गया। ट्विटर अभियान चलाया गया। ट्वीट करने वाले ब्लॉक अध्यक्ष बिलासपुर हरीश कुमार गौतम, मिलक ब्लॉक अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, शाहबाद ब्लॉक अध्यक्ष कुलभूषण गौतम, स्वार ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार गौतम, चमरौआ ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रावत, सैदनगर ब्लाक अध्यक्ष राजा राम अम्बेडकर, जिला मंत्री प्रसन्न प्रकाश, जिला कोषाध्यक्ष रमेश पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रेमचन्द, अशोक बाबू, धर्मवीर सिंह, बादाम सिंह जिला प्रवक्ता चमन सिंह गौतम, जिला महामंत्री सुनील कुमार तथा जिला उपाध्यक्ष जबर सिंह, जिला संरक्षक वीर सिंह, शशीबाला, रीना, पम्पी, जिला प्रचार मंत्री सरदीप गौतम आदि ने उपस्थित रहकर उक्त काले कानून पर रोष व्यस्त किया।

# बच्चों को मोबाइल का आदी न बनने दें अभिभावकः अनम

- होटल जीएम प्लाजा में हुआ समारोह का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक समारोह अवार्ड समारोह का आयोजन होटल जीएम प्लाजा में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनम अहमद, विशिष्ट अतिथियों में असरार अहमद, डॉ. परवीन असरार, विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद जुबैर शम्सी रहे।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शारीरिक, सांस्कृतिक एवं समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। अनम अहमद ने कहा कि किसी भी चीज का अत्यधिक उपयोग लाभकारी नहीं होता। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को मोबाइल, इंटरनेट या अन्य डिजिटल माध्यमों का आदी न बनने दें। क्योंकि इनका अधिक उपयोग बच्चों के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल पढ़ाई पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों के सकारात्मक व्यवहार और उनकी भावनाओं को समझना तथा उन्हें सही दिशा देना भी उतना ही आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या शीमा उजैर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। सभी से अपील की कि वे अपने बच्चों को विद्यालय की शैक्षिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से निरंतर जोड़कर रखें। अंत में सभी बच्चों को स्कूल की ओर से अवार्ड और इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रीन फील्ड के प्रधानाचार्य नासिर खां ,फैसल शाह खां, शाहिदा जुबैर, साइम अहमद, सददाम हुसैन आदि मौजूद रहे।



ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कार देते प्रबंधक।

# हाफिजों के सीनों में कयामत तक महफूज रहेगा कुरआनः मौलाना बाकर




जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** हाफिज मौलाना बाकर अली ने कहा कुरआन अल्लाह की भेजी हुई वाहिद ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीनों में रोज ए कयामत तक महफूज रहेगी। इसमें दुनिया और आखिरत दोनों की कामयाबी है इसलिए समझ कर पढ़ने और अमल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा रमजान गरीबों कमजोरों की खास मदद का महीना है।

घेर सैफुद्दीन खां स्थित मस्जिद हाजी हैदर अली खां में दौरान तरावीह कुरआन मुकम्मल हुआ। हाफिज आरिश खां और हाफिज मोहम्मद अंसर खां दोनों ने कुरआन सुना और सुनाया। इस मौके पर मुल्क और कौम की भलाई की दुआ की।इसके बाद हाफिजों की गुलपोशी भी की गई। इस मौके पर इमाम इस्लामुद्दीन खां, आसिफ खां, आसिम खां, मोहिउद्दीन सैफी, सफी खां, मुसर्रत खां, हबीब खां, जफर खां, रेहान, जमीर खां, अतहर खां, कामिल खां, इकबाल खां, मुराद मियां समेत आदि मौजूद रहे।

## पांच वर्ष के रेहान ने रखा पहला रोजा



**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के खिजरपुर निवासी डांकटर खुशनूद अली का पांच वर्ष का रेहान अली ने माहे रमजान के पवित्र महीने में अपना पहला रोजा रखा। इस दौरान रेहान ने दिनभर अल्लाह की इबादत की। परिजनों ने बताया कि रेहान अली शाम से ही रोजा रखने की जिद कर रही थी। रेहान ने सुबह शहरी की नियत की और पूरे दिन रोजा मुकम्मल किया। रेहान के पहले रोजे पर परिवार में खुशी का माहौल रहा। उनके पिता खुशनूद अली ने इफ्तार का विशेष इंतजाम किया। परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और दुआएं मांगी। माहे रमजान को इबादत और बरकतों का महीना माना जाता है। इस दौरान बच्चे और बुजुर्ग रोजे रखते हैं, नमाज अदा करते हैं और कुरान शरीफ की तिलावत करते हैं।

# होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करेगा तुरैहा मछुआ समाजः कमल

- 5 अप्रैल को महाराजा निषादराज जयंती मनाई जाएगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को सराय गेट स्थित बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि स्थित माता सन्तोषी के मन्दिर पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का आयोजन किया। सर्वप्रथम होली मिलन कार्यक्रम से सम्बंधित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा कहां की 4 मार्च को होली पर्व व रंगोत्सव के बाद होने वाले होली मिलन कार्यक्रम को किले के मैदान पर आयोजित किया जायेगा जिसके लिए आज समाज के अग्रणी व वरिष्ठ साथियों के साथ रणनीति तैयार की। सर्वसहमति से सम्बंधित कार्यक्रम कराये जाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम को अच्छा बनाने के लिए तुरैहा मछुआ समाज के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज के लोग महिला, पुरूष के साथ-साथ समाज के युवावर्ग को शामिल किया जाये। समाज का युवा वर्ग अधिक से अधिक सक्रीय होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। जिलाध्यक्ष ने कहां की 5 अप्रैल को महाराजा निषादराज जयन्ती मनायी जायेगी जिसका आयोजन प्रत्येक तहसील में भव्यता के साथ होगा। जब तक समाज का प्रत्येक परिवार का एक-एक बच्चा शिक्षा के महत्व को नही समझेगा, तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। इसलिए अब वर्तमान समय की यही मांग है की समाज का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करें चाहे इसके लिए कितना भी श्रम करना पड़े या अन्य खर्चे कम करना पड़े लेकिन हर बच्चा शत-प्रतिशत शिक्षा प्राप्त करें। जिला मंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने कहां की अब तुरैहा समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा जिससे राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी समाज का प्रतिनिधित्व होता रहे। जिलाध्यक्ष ने कहां की अगामी पंचायत चुनाव में समाज के अधिक से अधिक समाज सेवी व पार्टी कार्यकताओं को टिकट मिलना चाहिए।बैठक में पंडित रामगोपाल,अर्जुन सिंह, डाक्टर कृपाल सिंह तुरैहा, सभासद विनोद कुमा,र कमल कुमार मुन्ना, मुरारीलाल, अजय कुमार प्रधान, कालू राम, पवन कश्यप, मुरारी लाल, दिनेश कुमार, बाल किशन, मदन मोहन, अरविन्द कुमार, जबर सिंह तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, धर्म सिंह, मदन मोहन तुरैहा आदि उपस्थित रहें। आज की बैठक का संचालन राम सिंह एडवोकेट द्वारा किया गया।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

# अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा

## ● दो ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर सीज, खनन माफिया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्योहारा।** क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध मिट्टी खनन पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए शनिवार रात बड़ी छापेमारी की। जमापुर गांव में खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर को सीज कर दिया, जबकि अवैध खनन में संलिप्त दो आरोपियों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई।

तहसीलदार धनराज के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने मौके पर छापा मारा। जांच के दौरान खनन से संबंधित कोई वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया



पुलिस गिरफ्त में आरोपी-

जा सका। मौके पर अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई और ढुलाई करते वाहन पकड़े गए, जिन्हें पुलिस की मौजूदगी में कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कराया।कार्रवाई के दौरान सरफराज पुत्र सादिक हुसैन निवासी मंडौरी तथा जुनैद चौधरी पुत्र अय्यूब चौधरी निवासी इस्लामनगर को गिरफ्तार किया गया। अभियान में लेखपाल अनिल कुमार, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार, एसआई राजेश कुमार एवं चालक सतेंद्र कुमार सहित राजस्व व पुलिस टीम मौजूद रही।

खनन/राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा अवैध खनन में शामिल अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। स्योहारा क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन लगातार जारी रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय लोडरों से बड़े पैमाने पर खुदाई की जाती है और बिना रोक-टोक मिट्टी की ढुलाई होती रहती है। तहसील स्तर पर शिकायतें और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बावजूद कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी बनी हुई थी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध खनन का काम मुख्यतः रात के समय किया जाता है। विरोध करने पर ग्रामीणों और खनन से जुड़े लोगों के बीच कहासुनी की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद लंबे समय तक प्रभावी कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले बुलंद रहे।प्रशासन की हालिया कार्रवाई से क्षेत्र में संदेश जरूर गया है, लेकिन अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अवैध खनन पर स्थायी रोक लगती है या यह अभियान केवल औपचारिक कार्रवाई बनकर रह जाता है।

# बाल कांवड़िए पर हमला करने वाला गुलदार 15 दिन बाद पिंजरे में हुआ कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नहटौर।** कोतवाली रोड पर गांव सीकरी बुजुर्ग के पास बाल कांवरिया पर हमला कर दहशत फैलाने वाला गुलदार आखिरकार वन विभाग के बिछाए जाल में फंस गया। बकरी को आसान शिकार समझकर पिंजरे में घुसा गुलदार खुद ही कैद हो गया। उसके पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

ज्ञात हो कि 13 फरवरी की सुबह करीब पांच बजे अमरोहा जनपद के गांव दढ़ियाल खादर निवासी आठ वर्षीय अनिकेत हरिद्वार से कांवर लेकर जत्थे के साथ लौट रहा था। ग्राम प्रधान उदयवीर सिंह त्यागी के बाग से निकलते समय अचानक गुलदार ने उस पर झपट्टा मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था और किसानों ने खेतों में जाना तक कम कर दिया था। वन विभाग ने घटना स्थल के पास बाग में पिंजरा लगवाकर उसमें बकरी बांधी थी, ताकि गुलदार को जिंदा पकड़ा जा सके। इसके बावजूद बीच-बीच में जंगल और खेतों के आसपास गुलदार दिखाई देने की सूचनाएं मिलती रहीं। करीब 15 दिन बाद शनिवार की रात शिकार की तलाश में आया गुलदार बकरी को निवाला बनाने के प्रयास में पिंजरे में घुस गया। जैसे ही वह अंदर पहुंचा, दरवाजा बंद हो गया और वह कैद हो गया। रविवार सुबह जंगल की ओर गए किसानों ने पिंजरे में गुलदार को फंसा देखा तो सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को अपने कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि गुलदार की उम्र लगभग तीन वर्ष है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

# अयातुल्ला अली खामेनई की मौत के मामले में शिया समुदाय के लोंगों ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरकोट।** इजराइल-अमेरिका के संयुक्त हमले में मारे गए ईरान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई की मौत पर गहरे रंजोगम का इजहार करते हुए शिया समुदाय के लोगों ने इज रायल अमेरिका के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार को सौपा। रविवार को शिया समुदाय के लोग मोहल्ला इमामबाड़ा सादात पर एकत्रित हुए तथा संयुक्त सैन्य कार्यवाही के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनई की मौत को अत्यंत दुःखद एवं भावनात्मक घटना बताते हुए कहा कि घटना से शिया व समर्थक समुदाय में गहरा आहत,दर्द व चिंता व्याप्त है।उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि इस तरह की घटना से शांति,स्थिरता,वैश्विक सौहार्द्र को गम्भीर चुनोती मिलती है। राष्ट्रपति से अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिना किसी पक्षपात हर तरह की हिंसात्मक कार्यवाही के खिलाफ स्पष्ट एवं मजबूत रुख अपनाने की अपील की ताकि इंसानी जिंदगी व अधिकारों का सम्मान




सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर एहतेशाम जैदी,आलिम रजा,नाजिर हुसैन ,मोहम्मद खादिम,शबी हैदर,असद हैदर आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर की तकनीकी खराबी से ठाकुरद्वारा नगर के उपभोक्ता परेशान

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा नगर में लगाए गए स्मार्ट बिजली मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 5 किलोवाट से अधिक लोड वाले जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए हैं, वहां तकनीकी खामी के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

बताया जा रहा है कि संबंधित उपभोक्ताओं के मीटर में बिजली सप्लाई प्रदर्शित हो रही है, लेकिन मीटर से आगे घरों तक विद्युत आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही है। इससे लोगों को भीषण गर्मी और दैनिक कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।नगर निवासी नवनीत सिंघल ने समस्या की पुष्टि करते हुए बताया कि वार्ड नंबर 23 सहित कई क्षेत्रों के उपभोक्ता इस तकनीकी समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई घरों में मीटर चालू दिखने के बावजूद बिजली नहीं आ रही, जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से जल्द समस्या का समाधान कर सुचारु बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# त्यौहार को लेकर डिप्टी एसपी ने भारी पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** आगामी ईद और होली के त्यौहारों के मद्देनजर नगर में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को डिप्टी एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में कोतवाली पुलिस, विभिन्न चौकियों के प्रभारी, महिला पुलिसकर्मी तथा भारी संख्या में पुलिस जवान शामिल रहे।

फ्लैग मार्च नगर के मुख्य बाजार, वाले क्षेत्रों, संवेदनशील मोहल्लों और प्रमुख चौराहों से होकर गुजरा। पुलिस बल की सशक्त उपस्थिति से जहां असामाजिक तत्वों में खौफ नजर आया, वहीं आम नागरिकों में सुरक्षा और विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई। डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह ने व्यापारियों, धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों और राहगीरों से संवाद कर ईद व होली आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में की अपील की। उन्होंने कहा कि दोनों पर्व आपसी प्रेम और एकता के प्रतीक हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और लगातार गश्त सुनिश्चित की गई है। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि नागरिक निश्चिंत होकर ईद और होली का पर्व हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मना सकेंगे।इस दौरान कोतवाली प्रभारी मनोज परमार , एसएसआइ ब्रजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रजत चौधरी, विनीत कुमार, ललित, मनीष कुमार, जितेंद मीणा, कॉस्टेबल निशांत,कुमार, परविन्द्र कुमार, सन्नी कुमार, मोहित कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पति ने मुख्यमंत्री से लगाई सुरक्षा की गुहार

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर सादो उर्फ अलीनगर निवासी वसीम अहमद ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष से जान का खतरा होने की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। उसने निष्पक्ष जांच और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। वसीम का आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसकी पत्नी शबाना के साथ विवाद चलता रहा। उसका कहना है कि पत्नी ने उसके खिलाफ भरण-पोषण सहित कई मुकदमे दर्ज कराए, जिनके चलते उसे जेल भी जाना पड़ा। 11 फरवरी 2026 को जेल से रिहा होने के बाद जब वह अपने घर पहुंचा तो पत्नी ने उसे अंदर नहीं आने दिया। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और झूठे मुकदमे में फंसाने के साथ जान से मरवाने की धमकी दी गई। वसीम का कहना है कि वर्तमान में उसकी पत्नी अपनी दो बहनों के साथ उसके पैतृक घर में रह रही है और उसे आशंका है कि उसके खिलाफ कोई भी अप्रिय घटना घटित कराई जा सकती है।उसने स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। फिलहाल प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है और संबंधित विभागों से कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## युवक की अचानक मौत से मचा कोहराम


**नहटौर।** नगर के मोहल्ला धर्मशाला निवासी 35 वर्षीय आदेश कुमार पुत्र मंगल सिंह की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार सुबह उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। शुरूआत में उन्होंने इसे सामान्य गैस की समस्या समझते हुए घरेलू उपाय किया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। कुछ ही देर में उनकी स्थिति और बिगड़ गई तथा वह अचेत हो गए। घबराए परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने आशंका जताई कि मौत हृदयाघात के कारण हो सकती है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।अचानक हुई मौत से परिवार में शोक व्याप्त हो गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने कासमपुर लेखराज स्थित गांगन घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। बताया गया कि आदेश कुमार अविवाहित थे और शादी समारोहों आदि में हलवाई का काम कर परिवार का सहयोग करते थे।

## तीन अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में तीन अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में मारपीट की घटना 08 जनवरी को हुई थी। यहां के निवासी मीर हसन को गांव के ही इजरायल, इश्ताक, फिरोज व इसाक ने मारपीट करके घायल कर दिया। रविवार को पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने एक दूसरे मामले में शहबाजपुर डोर निवासी रोहिल पुत्र जाहिद की तहरीर पर गांव निवासी फैजान, शोएब, आदिल व रिसाल के विरूद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि 23 फरवरी को मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ में रोहिल के साथ आरोपियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरी मारपीट की घटना थाना क्षेत्र के गांव बहलोलपुर की है। यहां के रहने वाले संजय सिंह का आरोप है कि 27 फरवरी में वह अपनी जमीन देखने गया था, आरोप है कि जमीन के पास में ही रहने वाले गुरजीत ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया।

## विधायक राजीव तरारा बने दिशा समिति के सदस्य

**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा को प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय दिशा समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों में उल्लास का माहौल



है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा केन्द्र प्रायोजित विकास योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्यपाल ने निम्नानुसार राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) का गठन किया है। राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) उप मुख्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग केशव प्रसाद मौर्य इस समिति के सह अध्यक्ष होंगे।इस समिति में इसके अतिरिक्त 12 सदस्य है। राज्य सरकार द्वारा सदस्य विधान मण्डल के 09 सदस्य मनोनीत किए गए है, जिनमें से एक से विधायक राजीव तरारा भी हैं। इस समिति द्वारा जिला स्तरीय दिशा समिति में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। विधायक को मिली इस अहम जिम्मेदारी से पार्टी कार्यकताओं व पार्टी समर्थकों में उल्लास का माहौल है। विधायक ने बताया कि दिशा की बैठक छह माह के अंतर्गत होगी।

## पुलिस ने चोरी के माल सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नहटौर।** पुलिस ने नकबजनी के दो वांछित आरोपियों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर उनका संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है । 27 फरवरी को मोनिका गिरि पुत्री योगेश गिरि निवासी ग्राम कलाली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था।

कि आरोपी धीरज पुत्र हुकम सिंह निवासी ग्राम कलाली व हेमंत पुत्र पवन सिंह निवासी ग्राम टपरोला थाना नहटौर द्वारा ग्राम मकरन्दपुर मानक स्थित पचांयत घर का ताला तोड़कर उसमें रखा 1 टीएफटी स्क्रीन, 1 की बोर्ड एचपी, 1 यूपीएस, एक सीपीयू, 1 प्रिंटर, 1 इन्वर्टर व 02 बैट्रे चोरी कर लिए है।

## नन्हीं रोजेदार अनबिया नूर ने रखा पहला रोजा

**ठाकुरद्वारा, शरीफनगर।** माह-ए-रमजान की रूहानी फिजा के बीच शरीफनगर की कक्षा



4 की छात्रा अनबिया नूर ने अपना पहला रोजा रखकर सभी का दिल जीत लिया। कम उम्र में इबादत के प्रति उनकी लगन और समर्पण ने क्षेत्रवासियों को भी प्रभावित किया है। परिवारजनों के अनुसार अनबिया नूर ने पूरे उत्साह और खुशी के साथ रोजा रखा और इफ्तार तक सब्र और हिम्मत का परिचय दिया। दादा राशिद हुसैन ने बताया कि बच्ची बचपन से ही धार्मिक गतिविधियों में रुचि रखती है और इस बार उसने खुद रोजा रखने की इच्छा जताई थी। पिता साजिद हुसैन सहित पूरे परिवार ने अनबिया की हौसला अफजाई की। रोजा पूरा करने पर उसे तोहफा देकर सम्मानित किया गया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य और तरक्की के लिए दुआ की गई। मोहल्ले के लोगों ने भी अनबिया को शाबाशी देते हुए कहा कि ऐसे संस्कार बच्चों को जीवन में अनुशासन और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करते हैं।

## समिति का हुआ स्वागत

**हसनपुर।** रविवार को अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर का विधायक ने स्वागत किया,विधायक ने कहा कि इस वर्ष गत वर्ष की भांति चंचल सागर को अध्यक्ष चुना गया है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती आप धूमधाम से मनाएं बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं हमारे देश के ऐसे महापुरुष की जयंती मनाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है यह पर्व की तरह मनाई जानी चाहिए सभी का सम्मान वाली विचारधारा को समावेशित करते हुए हम बाबा साहब के विचारों के भारत का निर्माण करेंगे सभी लोगो से सहयोग कि अपील की। इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, मास्टर जगत सिंह,मास्टर अशोक कुमार,चंद्रभान सिंह,मास्टर रामपाल सिंह, फतेहचंद,बृजपाल सिंह जाटव, डॉ राजेश कुमार, महिपाल सिंह, ललित कुमार उर्फ लकी,राजेंद्र गुड्डू, दिनेश कुमार,अमित कुमार एडवोकेट, मास्टर छोटेलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# करनपुर में रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

## ● जिला संयोजक रामनाथ सिंह के द्वारा फीता काटा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक डिलारी क्षेत्र के गांवग्राम पंचायत करनपुर स्थित संत निरंकारी मिशन की शाखा करनपुर चौराहा पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी चंद्रप्रकाश (नीटू चौहान) जिला संयोजक रामनाथ सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया इस शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलीय जिला चिकित्सालय की टीम ने अपनी सेवाएं दीं।

चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाने आलम के नेतृत्व में आई टीम ने यह रक्त एकत्रित किया।डॉ. आलम का सहयोग करने वालों में मोहम्मद नईम, अशोक कुमार, पी. वी. सिंह, अमित मौर्य, साधना भटनागर, सुभाष सिंह, सचिन कुमार, अचिन कुमार, नीरज कुमार एवं अतीक अहमद शामिल रहे।इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के चौथे सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के विचारों को दोहराते हुए कहा गया कि उनका सदैव कहना था कि ₹इंसान का रक्त नालियों में न बहकर इंसान की नाड़ियों में बहना चाहिए। मुरादाबाद से आए जिला संयोजक रामनाथ सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि इससे किसी इंसान को जीवनदान मिलता है। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष सदैव परोपकार, तप और त्याग का मार्ग दिखाते हैं, ताकि मनुष्य सच्चाई पर स्थित रहे और मानवता के गुणों से युक्त होकर इस संसार को सुंदर बनाने में अपना योगदान दे। इस रक्तदान शिविर में करनपुर चौराहा ब्रांच के अलावा ठाकुरद्वारा, कांठ एवं मुरादाबाद ब्रांच के रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रांच करनपुर चौराहा के इंचार्ज डॉ. बाबू सिंह, सेवादल इंचार्ज कमल कुमार, महेंद्र सिंह, अमित कुमार, डॉ. रामकुमार सिंह, राकेश कुमार, डॉ. दीपक सिंह, मास्टर शेखर सिंह, योगेश कुमार, राजवीर सिंह, पवन कुमार, ध्यान सिंह, पप्पू सिंह, भजन सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, होती सिंह सहित ग्राम पंचायत करनपुर की प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी, वीरवती, अंजलि, नीतू देवी, निशा, कामिनी, महिला सेवादल इंचार्ज सविता देवी, आस्था, वंशिका आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका द्वारा तीन कर्मचारियों को दी सम्मानपूर्वक विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना।** नगर पालिका सफाई नायक महेश उर्फ दारा समेत तीन कर्मचारियों को समारोह पूर्वक विदाई दी, इस मौके पर चेयरपर्सन पुत्र शाहनवाज ने 6--6 लाख रुपये से अधिक के चेक वे शाल उड़ाकर ओर फूल माला पहन कर विदाई दी। इस मौके पर समस्त पालिका स्टाफ मौजूद।

नगर पालिका परिषद के प्रांगण में चेयरपर्सन पुत्र एवं नगर पालिका अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील की अध्यक्षता में व मनोज वाल्मीकि के संचालन में आयोजित विदाई समारोह में नगर पालिका में कार्यरत महेश उर्फ दारा सफाई नायक की नियुक्ति 15 फरवरी 1986 को हुई थी उनके 40 साल 26 फरवरी 1926 को पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुए, हुकम सिंह सफाई कर्मचारी एवं नगर पालिका के ही टैक्स वसूली में लगे कर्मचारी महेश कुमार सेवानिवृत होने पर भव्य विदाई समारोह विदाई दी गई दी। भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप




वाल्मीकि वे शाहनवाज खलील ने पहले महेश उर्फ दारा सफाई नायक को शाल उड़ाकर फूलमाला पहन फिर 6 लाख,42 हजार रू का चेक, फिर हुकुम चंद को 6, 33 हजार रुपये का चेक विदाई दी देखकर विदाई दी। इससे पूर्व कार्यक्रम को भाजपा नेता अनूप वाल्मीकि, बिल्लू चौहान, अमरदीप, पप्पू चौहान तीनों अलीगढ़,, राजू अंबेडकर संरक्षक मुरादाबाद, धीरज कुमार मुरादाबाद, गौतम राणा मुरादाबाद, सुरेश सैलानी चांदपुर, अरविंद सूद, आदेश वाल्मीकि नजीबाबाद, अनिल कुमार नहटौर, कपिल पवार सभासद सभी नेताओं ने कर्मचारियों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने,, अपने कार्य को ईमानदारी से करने का आह्वान करते हुए हेल्थ मैन्युअल एक्ट के अनुसार सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने और रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती कराने की मांग की गई ताकि समाज में बेरोजगारी का प्रकोप कम हो सके।अध्यक्ष पद से बोलते हुए शाहनवाज खलील ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से महेश उर्फ सुधार से पारिवारिक संबंध रहे हैं और हमने हमेशा कर्मचारियों को अपना परिवार माना है उन्होंने कहा कि जब तक हम इस पद पर हैं किसी कर्मचारी का उत्पीडन होने नही दिया जाएगा। कहा कि महेश और दारा सफाई नायक के साथ-साथ युपी स्तर की मुंगरी चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम कर नगर पालिका का नाम रोशन किया और समाज के प्रधान रहते हुए समाज की सेवा की।अपने विदाई समारोह कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए महेश सफाई नायक ने चेयरपर्सन ताहिरा खलील को साल और मरहूम शेख खलीलुउर्रमान को अपना माना उनकी कब्र पर पगड़ी रखवा सम्मानित करने लिए उनके पुत्र शाहनवाज को पगड़ी सौंप दी।इस मौके, राजकुमार उर्फ जौनी, रोहित बदर मुनीम, शारिक अहमदसभा सद, डॉ राकेश कुमार, सहित समस्त सफाई कर्मचारी वे पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्व पालिका अध्यक्ष शेख कमरूल इस्लाम के आवास पर रोजा-इफ्तार

**शेरकोट।** पूर्व पालिकाध्यक्ष व सपा नेता शेख कमरूल इस्लाम के आवास पर रोजा-इफ्तार कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें नगर के पत्रकारों, समाजसेवियों, एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।पवित्र रमजान माह के 11वे रोजे को आयोजित रोजा-इफ्तार में माहौल सौहार्दपूर्ण और आत्मीयता से परिपूर्ण रहा।इस अवसर पर शेख कमरूल इस्लाम ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रमजान का महीना हमें संयम, सेवा और मानवता का संदेश देता है।इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष विजय वर्मा,अमिष रस्तौगी,विपिन कर्णवाल,अबरार अहमद, अनीस अहमद, धर्मवीर सिंह राजपूत, सुमित वर्मा, रंजीत सिंह , प्रदीप यादव, शमीम अहमद, कृष्ण कुमार शर्मा, मोहम्मद खालिद, डॉ नईमुद्दीन, शफक्कत भारती पत्रकार सहित ,शेख मोहम्मद इस्माईल, अदनान राइन,गुफरान राजा,कासिम मलिक आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण स्कूलों में शिक्षिकाओं की कमी

भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और समानता हमेशा से एक चुनौती रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच, संसाधनों, शिक्षक उपलब्धता और शिक्षा के अवसरों में व्यापक अंतर दिखाई देता है। इस असमानता का सबसे स्पष्ट उदाहरण प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती और लिंग संतुलन में देखा जा सकता है।

शहरों के प्राथमिक स्कूलों में अक्सर 10 से 18 शिक्षक तैनात होते हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं होती हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में औसतन 3S4 शिक्षक ही होते हैं और उनमें से एक भी महिला नहीं होती। यही वह असमानता है, जो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित करती है बल्कि समाज में लिंग समानता की दिशा में भी बड़ी बाधा बनती है।

भारत में शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान है। यह कानून स्पष्ट रूप से महिलाओं को समान अवसर देने की दिशा में उठाया गया कदम है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब भर्ती में आरक्षण है, तो पोस्टिंग में यह क्यों लागू नहीं होता? ग्रामीण क्षेत्र में पुरुष शिक्षकों की तैनाती क्यों अधिक होती है और महिलाओं को वहां सेवा देने के लिए क्यों नहीं प्रोत्साहित किया जाता?

इसका उत्तर जटिल है। सबसे पहले, सुरक्षा और सुविधाओं की कमी एक बड़ा कारण है। सुदूर और दूर-दराज के गांवों में रहने की सुविधा सीमित होती है। कई महिला शिक्षक वहां तैनाती के लिए अनिच्छुक रहती हैं। परिवहन की समस्या, सुरक्षित आवास की कमी, सामाजिक और पारिवारिक प्रतिबंध जैसे कारक भी उनके निर्णय को प्रभावित करते हैं।

दूसरी ओर, सरकारी नीतियाँ इस असमानता को सीधे संबोधित नहीं करती हैं। भर्ती में आरक्षण को तो लागू किया जाता है, लेकिन पोस्टिंग में ल्लइच्छाङ्क और ल्लसुविधाङ्क को प्राथमिकता दी जाती है। परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष शिक्षकों की संख्या अधिक रहती है। यही वह दोहरा मापदंड है, जो महिलाओं के समानता के अधिकारों और शिक्षा के मूल सिद्धांत के खिलाफ जाता है।

सामाजिक दृष्टि से यह असमानता और भी चिंताजनक है। महिला शिक्षक केवल शैक्षिक कर्तव्य नहीं निभाती हैं; वे बच्चों के लिए रोल मॉडल होती हैं। विशेष रूप से लड़कियों के लिए, महिला शिक्षक शिक्षा में प्रेरणा और विश्वास का स्रोत होती हैं। ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की अनुपस्थिति का मतलब है कि लड़कियां उच्च शिक्षा और करियर के विकल्पों के प्रति प्रेरित नहीं हो पातीं।

इसके अलावा, शिक्षकों की संख्या और लिंग संतुलन का प्रभाव बच्चों की सीखने की क्षमता पर भी पड़ता है। शोधों से पता चलता है कि लिंग संतुलन वाले कक्षा वातावरण में बच्चों की सामाजिक और भावनात्मक विकास बेहतर होता है। वे सहकर्मी सहयोग, समानता की भावना और सामाजिक संवेदनशीलता सीखते हैं। यदि ग्रामीण स्कूलों में केवल पुरुष शिक्षक हैं, तो यह अनुभव बच्चों से छूट जाता है।

कानूनी और संवैधानिक दृष्टि से भी यह असमानता चुनौतीपूर्ण है। भारतीय संविधान की धारा 14 और 15 हर नागरिक को समानता का अधिकार देती है और लिंग के आधार पर भेदभाव से बचाती है। भर्ती में 50% आरक्षण तो महिलाओं को समान अवसर देता है, लेकिन पोस्टिंग में इसे नजरअंदाज करना संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। यह नीति केवल कानूनी रूप से नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी असंगत है।

सरकार की इस दोहरी नीति का असर स्पष्ट है। शहरी स्कूलों में महिलाएं भरपूर तैनात हैं, इसलिए 50% आरक्षण दिखाई देता है। वहीं, ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की कमी, उनके आरक्षण का वास्तविक लाभ न के बराबर कर देती है। यह नीति न केवल ग्रामीण शिक्षा को कमजोर करती है, बल्कि सामाजिक और लैंगिक समानता के मूल सिद्धांत को भी कमजोर करती है। इस असमानता को दूर करने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। महिला शिक्षकों को आकर्षित करने के लिए विशेष भत्ता, सुरक्षित और संरचित आवास, परिवहन सुविधा और स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित की जानी चाहिए। अगर महिलाओं को सुरक्षा और सुविधा मिलेगी, तो वे ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के लिए अधिक इच्छुक होंगी।

भर्ती के साथ-साथ पोस्टिंग नीति में भी महिलाओं का 50% प्रतिनिधित्व अनिवार्य होना चाहिए। इसे लागू करने के लिए सरकार को विशेष निर्देश जारी करने होंगे और तैनाती की निगरानी करनी होगी। स्थानीय समुदाय के सहयोग से महिला शिक्षकों की सेवा को सरल और सुरक्षित बनाया जा सकता है। ग्राम स्तर पर महिला शिक्षकों के लिए सहायता समूह और स्थानीय सुरक्षा नेटवर्क बनाए जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने वाली महिला शिक्षिकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और पेशेवर विकास के अवसर सुनिश्चित करने होंगे। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा और ग्रामीण शिक्षा में उनका योगदान बढ़ाएगा।

# ईरान, ट्रंप और प्रतिरोध की राजनीति

– डॉ. सत्यवान सौरभ

**डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में यह नीति और अधिक कठोर, असंवेदनशील और टकरावपूर्ण हो गई। 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते (खएघइ) से अमेरिका का एकतरफा हटना न केवल कूटनीतिक असंतुलन का उदाहरण था, बल्कि यह भी दर्शाता था कि ट्रंप प्रशासन अंतरराष्ट्रीय सहमति और बहुपक्षीयता को किस हद तक नज़रअंदाज़ करने को तैयार था। इसके बाद ईरान पर ल्लअधिकतम दबाव नीतिङ्क लागू की गई, जिसका उद्देश्य ईरानी अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाना और शासन को आंतरिक विद्रोह की ओर धकेलना था।**

**इतिहास साक्षी है कि दबाव हमेशा झुकाव पैदा नहीं करता। कई बार वह प्रतिरोध को जन्म देता है। ईरान के मामले में भी यही हुआ। आर्थिक कठिनाइयों, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद ईरान ने अपने राजनीतिक अस्तित्व, संप्रभुता और वैचारिक पहचान को बनाए रखा। यहाँ यह समझना ज़रूरी है कि ईरान का विरोध केवल अमेरिका की नीतियों से नहीं है, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था से है जिसमें कुछ गिने-चुने देश स्वयं को न्यायाधीश और शेष दुनिया को अभियुक्त मान लेते हैं।**

**ल्लजैसी करनी वैसी भरनीङ्क का सिद्धांत केवल नैतिक कहावत नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी गहराई से लागू होता है। पश्चिम एशिया में दशकों तक किए गए अमेरिकी हस्तक्षेप–इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया- ने क्षेत्र को स्थिरता नहीं, बल्कि अराजकता दी। लोकतंत्र के नाम पर सत्ता परिवर्तन, मानवाधिकारों के नाम पर सैन्य आक्रमण और आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के नाम पर निर्दोष नागरिकों की हत्या- इन सबने अमेरिका की नैतिक साख को गहरा नुकसान पहुँचाया। ऐसे में जब ईरान अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है तो वह केवल अपनी रक्षा नहीं कर रहा, बल्कि उस व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है, जो ताकत को ही न्याय मानती है।**

**ट्रंप की विदेश नीति का एक और खतरनाक पहलू उसका व्यक्तिवादी और आवेगपूर्ण स्वभाव था। कूटनीति संवाद और धैर्य से चलती है, जबकि ट्रंप की राजनीति ट्वीट, धमकी और शक्ति-प्रदर्शन पर आधारित थी। ईरानी जनरल क़ासिम सुलेमानी की हत्या इसी मानसिकता का परिणाम थी। यह घटना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन थी, बल्कि इसने पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। इसके बाद ईरान की प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब वह केवल सहने की नीति पर नहीं चल रहा।**

**ईरान की राजनीति को अक्सर पश्चिमी मीडिया में कट्टर, दमनकारी और पिछड़ा बताकर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन यह चित्रण अधूरा और एकांगी है। ईरान की जनता ने बार-बार यह साबित किया है कि वे बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे, चाहे वह कितनी भी आकर्षक शब्दावली में क्यों न लपेटा गया हो।**

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कुछ संघर्ष केवल सीमाओं या संसाधनों तक सीमित नहीं होते, वे विचारधाराओं, सत्ता-संतुलन और नैतिकता की भी परीक्षा लेते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच दशकों से चला आ रहा टकराव ऐसा ही एक संघर्ष है, जो समय-समय पर नए रूपों में सामने आता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान यह टकराव जिस तीव्रता और आक्रामकता के साथ उभरा, उसने वैश्विक राजनीति को एक बार फिर शीतयुद्धोत्तर दौर की अस्थिरता की याद दिला दी। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही ईरान अमेरिका की रणनीतिक और वैचारिक राजनीति का लक्ष्य रहा है। अमेरिका ने ईरान को केवल एक राष्ट्र-राज्य के रूप में नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक मॉडल के रूप में देखा- ऐसा मॉडल जो पश्चिमी प्रभुत्व, इज़राइल-केन्द्रित पश्चिम एशिया नीति और अमेरिकी साम्राज्यवादी सोच को चुनौती देता है। यही कारण है कि ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध, कूटनीतिक अलगाव और सैन्य दबाव लंबे समय से अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में यह नीति और अधिक कठोर, असंवेदनशील और टकरावपूर्ण हो गई। 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते (खएघइ) से अमेरिका का एकतरफा हटना न केवल कूटनीतिक असंतुलन का उदाहरण था, बल्कि यह भी दर्शाता था कि ट्रंप प्रशासन अंतरराष्ट्रीय सहमति और बहुपक्षीयता को किस हद तक नज़रअंदाज़ करने को तैयार था। इसके बाद ईरान पर ल्लअधिकतम दबाव नीतिङ्क लागू की गई, जिसका उद्देश्य ईरानी अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाना और शासन को आंतरिक विद्रोह की ओर धकेलना था।

इतिहास साक्षी है कि दबाव हमेशा झुकाव पैदा नहीं करता। कई बार वह प्रतिरोध को जन्म देता है। ईरान के मामले में भी यही हुआ। आर्थिक कठिनाइयों, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद ईरान ने अपने राजनीतिक अस्तित्व, संप्रभुता और वैचारिक पहचान को बनाए रखा। यहाँ यह समझना ज़रूरी है कि ईरान का विरोध केवल अमेरिका की नीतियों से नहीं है, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था से है जिसमें कुछ गिने-चुने देश स्वयं को न्यायाधीश और शेष दुनिया को अभियुक्त मान लेते हैं।

ल्लजैसी करनी वैसी भरनीङ्क का सिद्धांत केवल नैतिक कहावत नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी गहराई से लागू होता है। पश्चिम एशिया में दशकों तक किए गए अमेरिकी हस्तक्षेप–इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया- ने क्षेत्र को स्थिरता नहीं, बल्कि अराजकता दी। लोकतंत्र के नाम पर सत्ता परिवर्तन, मानवाधिकारों के नाम पर सैन्य आक्रमण और आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के नाम पर निर्दोष नागरिकों की हत्या- इन सबने अमेरिका की नैतिक साख को गहरा नुकसान पहुँचाया। ऐसे में जब ईरान अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है तो वह केवल अपनी रक्षा नहीं कर रहा, बल्कि उस व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है, जो ताकत को ही न्याय मानती है।

ट्रंप की विदेश नीति का एक और खतरनाक पहलू उसका व्यक्तिवादी और आवेगपूर्ण स्वभाव था। कूटनीति संवाद और धैर्य से चलती है, जबकि ट्रंप की राजनीति ट्वीट, धमकी और शक्ति-प्रदर्शन पर आधारित थी। ईरानी जनरल क़ासिम सुलेमानी की हत्या इसी मानसिकता का परिणाम थी। यह घटना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन थी, बल्कि इसने पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। इसके बाद ईरान की प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब वह केवल सहने की नीति पर नहीं चल रहा।

ईरान की राजनीति को अक्सर पश्चिमी मीडिया में कट्टर, दमनकारी और पिछड़ा बताकर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन यह चित्रण अधूरा और एकांगी है। ईरान की जनता ने बार-बार यह साबित किया है कि वे बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे, चाहे वह कितनी भी आकर्षक शब्दावली में क्यों न लपेटा गया हो। ईरान में सरकार की आलोचना होती है, विरोध होते हैं, लेकिन जब बात राष्ट्रीय संप्रभुता की आती है, तो जनता और सत्ता एकजुट दिखाई देते हैं। यही वह तत्व है जिसे पश्चिमी रणनीतिकार अक्सर समझने में चूक जाते हैं। भारत जैसे देशों के लिए यह पूरा परिदृश्य एक गंभीर चेतावनी भी है और अवसर भी। ईरान भारत का पारंपरिक मित्र रहा है- ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय संपर्क (चाबहार बंदरगाह) और मध्य एशिया तक पहुँच के लिहाज़ से ईरान का महत्व असंदिग्ध है। लेकिन अमेरिका के दबाव में भारत का ईरान से दूरी बनाना उसकी स्वतंत्र विदेश नीति पर प्रश्न खड़े करता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों को किसी तीसरे देश की नाराज़गी के डर से गिरवी न रखे। आज वैश्विक राजनीति एक संक्रमण काल से गुजर रही है। एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था की पकड़ ढीली पड़ रही है और बहुध्रुवीयता का उदय हो रहा है। ऐसे में ईरान जैसे देश, जो लंबे समय से दबाव और प्रतिबंधों के बीच खड़े रहे हैं, नए शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रूस-चीन-ईरान के बढ़ते समीकरण इस बदलाव के संकेत हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अब दुनिया केवल वाशिंगटन के इशारों पर नहीं चलेगी।

अंततः प्रश्न यह नहीं है कि ईरान सही है या अमेरिका गलत। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या वैश्विक राजनीति में शक्ति ही न्याय का एकमात्र पैमाना होगी या फिर अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और समानता के सिद्धांतों को वास्तविक सम्मान मिलेगा। यदि बड़े राष्ट्र अपनी करनी से दुनिया को डराते रहेंगे तो भरनी के रूप में उन्हें अस्थिरता, अविश्वास और प्रतिरोध ही मिलेगा। ईरान और ट्रंप के

# भारतीय सेना: युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल

योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फ्रांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।



भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बायीं ओर तिरंगा झंडा, दायीं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी। देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था। आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं। भारतीय सैन्यबल में 14.45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शमिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमेरिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा। जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफ़ेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

# समीक्षा बैठक में पॉक्सो, मानसिक स्वास्थ्य और बाल सुरक्षा पर सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार में बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजीव कुमार शर्मा, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने की। बैठक का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने किया। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर बच्चों से जुड़े संवेदनशील मामलों पर विस्तार से चर्चा की। खासतौर पर पॉक्सो पीड़ित बच्चों के बयान दर्ज करने में आ रही दिक्कतों, मेडिकल परीक्षण की समस्याओं और उन्हें समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। साथ ही थानों में तैनात बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के नियमित और प्रभावी प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूकता और परामर्श कार्यक्रम चलाने तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए काउंसलिंग व्यवस्था मजबूत करने पर भी विशेष चर्चा हुई। सदस्य सचिव ने निर्देश दिए कि बाल संरक्षण से जुड़े सभी मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में देवेंद्र प्रताप सिंह (एसपी सिटी), डॉ वीके मिश्रा (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), जिला विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, मानव तस्करी रोधी इकाई के प्रभारी, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सहित महिला कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि जनपद में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

# क्विंटल भर खराब मावा-मिठाई और 894 लीटर तेल सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने 20 फरवरी से 28 फरवरी तक जिले भर में सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर की गई। अभियान के दौरान शहर के जैन मार्केट, रोजा, तिलहर, पुवायां, जलालाबाद, खिरनीबाग और अन्य क्षेत्रों में डेयरी, किराना स्टोर, मिठाई प्रतिष्ठान और खाद्य तेल कारोबारियों की जांच की गई। टीम ने दूध, पनीर, घी, मावा, बेसन, हल्दी, सरसों तेल, रिफाइंड तेल, नमकीन व मिठाइयों सहित कुल 29 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे। जांच के दौरान करीब 4 क्विंटल खराब कचरी-पापड़, लगभग 1 क्विंटल खराब मावा, 60 किलो गंदगी में बनी मिठाई, 110 किलो एक्सपायरी नमकीन और 25 पेटी नूडल्स नष्ट कराए गए, जबकि करीब 894 लीटर खाद्य तेल (अनुमानित मूल्य लगभग 1.41 लाख रुपये) सीज किया गया। खिरनीबाग क्षेत्र में एक पिकअप वाहन से खराब मावा पकड़ा गया, वहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के गोविंदगंज स्थित स्टोर से भी पनीर, कॉफी पाउडर और घी के नमूने लिए गए। कुछ प्रतिष्ठानों में अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किए गए। विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान होली तक जारी रहेगा।

## ओवरटेक में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दोनों सवार गंभीर

**शाहजहांपुर।** बंडा रोड पर जुझारपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, निगोही थाना क्षेत्र के गांव उदरिया निवासी एक युवक अपनी ससुराल धमार्पुर (थाना बंडा) जा रहा था। वहीं तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम दलेलपुर निवासी महेश कुमार किसी निजी काम से बंडा की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जुझारपुर के पास ओवरटेक करते समय दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# प्रेम से जिएं, जीवन बने सार्थकः दाजी

- राम चंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के अंतिम चरण में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल ह्यदाजीह्व के सान्निध्य में राम चंद्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव का पांचवां और अंतिम चरण भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस चरण में देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों की उपस्थिति ने आस्था का नया रिकॉर्ड बना दिया। उत्सव की शुरूआत प्रातःकाल सामूहिक ध्यान साधना से हुई। हजारों साधकों ने एक साथ ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। पूरे आश्रम परिसर में शांति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर दाजी ने अपने संदेश में कहा कि भगवद्गीता केवल बड़े विचार सोचने की नहीं, बल्कि कुछ करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के भीतर ऊर्जा है, जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा में लगाने की। यह कोई मानसिक अभ्यास नहीं, बल्कि रोज हृदय से जुड़कर ध्यान करने की सरल आदत है। उन्होंने सभी से प्रेममय जीवन जीने का आह्वान करते हुए कहा कि ह्लजीवन को प्रेम से जिएं, तभी वह सार्थक बनता हैह्व शाम के ध्यान सत्र में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भीड़ इतनी अधिक थी कि ध्यान पंडाल छोटा पड़ गया और कई लोगों ने बाहर बैठकर ध्यान किया। इस दौरान ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने दाजी से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत सहित अनेक स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-डीसीएम में भिड़ंत, चालक घायल



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** थाना आरसी मिशन क्षेत्र के हरदोई बाईपास पर सुबह करीब सात बजे गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और डीसीएम में जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर तीन हिस्सों में बंट गया और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी। आमने-सामने की टक्कर में ट्रैक्टर का अगला हिस्सा पूरी तरह टूट गया, जबकि डीसीएम का अगला भाग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## महिला से मारपीट का वीडियो वायरल, पलटवार पर भागा युवक

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के बहादुरगंज पावर हाउस के पास महिला और एक युवक के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। करीब 25 सेकेंड के इस वीडियो में एक व्यक्ति महिला को पीटता दिखाई दे रहा है।

वीडियो में महिला चीखते हुए खुद को बचाने की कोशिश करती है। कुछ ही देर बाद वह पलटवार करती है और युवक पर हाथ चला देती है। इसके बाद युवक मौके से भागने लगता है। महिला ने उसका कुछ दूर तक पीछा भी किया। घटना कब हुई और विवाद की वजह क्या थी, यह साफ नहीं हो पाया है। वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान भी अभी तक नहीं हो सकी है। मारपीट के दौरान आसपास कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया।

सदर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि इस मामले में थाने में कोई तहरीर या सूचना नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में यात्री फंसा, ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से बची जान

**शाहजहांपुर।** रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी संख्या 14207 पदमावत एक्सप्रेस के प्रस्थान के समय एक यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। पैर फिसलने से यात्री ट्रेन के पायदान और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। स्थिति को देखते हुए ट्रेन के मैनेजर संजय कुमार (मेल हेड क्वार्टर मुरादाबाद) ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर रुकवाया। स्टेशन स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी की मदद से यात्री को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ट्रेन मैनेजर की सूझबूझ से यात्री की जान बच गई। घायल यात्री को तुरंत एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। यात्री को निकालने के बाद ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया। रेलवे प्रशासन ने बताया कि स्टेशन स्टाफ, आरपीएफ, जीआरपी, सोशल मीडिया और स्टेशन पर लगे अनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए यात्रियों को लगातार चलती ट्रेन में चढ़ने और उतरने से मना किया जाता है, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकता है। रेलवे ने सभी यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन के पूरी तरह रुकने के बाद ही चढ़ें या उतरें। एक यात्री की लापरवाही से न सिर्फ उसकी जान खतरे में पड़ती है, बल्कि अन्य यात्रियों और कर्मचारियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

## बोर्ड परीक्षा का गोपनीय प्रश्नपत्र खोला, प्रधानाचार्य और केंद्र व्यवस्थापक पर एफआईआर

**शाहजहांपुर।** बोर्ड परीक्षा के दौरान गोपनीयता में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) ने परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य और केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि गोपनीय प्रश्नपत्रों को नियमों के खिलाफ खोलकर उनकी गिनती की गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पहली पाली की परीक्षा चल रही थी। सुबह करीब 8.45 बजे डीआईओएस हरिवंश कुमार अपने सचल दल के साथ कटरा स्थित श्री बलवंत इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। उस समय संयुक्त शिक्षा निदेशक, बरेली मंडल भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान जब सीसीटीवी फुटेज देखी गई तो उसमें प्रधानाचार्य दामोदर सिंह स्ट्रांग रूम में जाकर गोपनीय प्रश्नपत्रों के पैकेट खोलते और स्वयं गिनती करते दिखाई दिए। बताया गया है कि उस दिन प्रधानाचार्य अवकाश पर थे और परीक्षा कार्य में उनकी कोई ड्यूटी नहीं थी। डीआईओएस ने इसे प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और परीक्षा की शुचिता के खिलाफ माना। इसके बाद कटरा थाने में केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र पाल सिंह और प्रधानाचार्य दामोदर सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सफाईकर्मी ने लगाई फांसी, नए मकान में लटका मिला शव

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार क्षेत्र में एक सरकारी सफाईकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका शव उनके नए बने मकान में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय अनूप कुमार के रूप में हुई है, जो भावलखेड़ा ब्लॉक में सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे। वह सदर बाजार क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले थे। हाल ही में उन्होंने महमंद जलालनगर में नया मकान बनवाया था, जबकि उनकी पत्नी और दो बच्चे पुराने घर में ही रह रहे थे। बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम अनूप अपनी पत्नी से नए मकान की चाबी लेकर वहां गए थे। इसके बाद उनका मोबाइल फोन नहीं उठा। काफी देर तक संपर्क न होने पर परिजनों को चिंता हुई। जब परिवार के लोग नए मकान पर पहुंचे तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। सूचना पर अशफाक नगर चैकी पुलिस मौके पर पहुंची।

दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया तो अनूप का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने परिवार की मौजूदगी में शव को नीचे उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि अभी तक परिवार की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# होली पर 3.62 लाख उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस रिफिल सब्सिडी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** होली के अवसर पर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का लाभ दिया गया। योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए 1500 करोड़ रुपये की धनराशि लाभार्थियों के खातों में भेजी। जनपद में यह कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है और अब रिफिल सब्सिडी सीधे खाते में भेजी जा रही है। ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा होली और दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश में सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद के 3.62 लाख लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है। प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 553.83 रुपये की सब्सिडी भेजी गई है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में उज्ज्वला योजना के लाभार्थी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव ने बाल गृहों का किया निरीक्षण



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद में बच्चों के संरक्षण और सुविधाओं की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने राजकीय बाल गृह (बालक), राजकीय शिशु गृह एवं राजकीय संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, बाल कल्याण समिति के सदस्य रामऔतार त्रिपाठी और मुनीश सिंह परिहार, अधीक्षक रामेंद्र शेखर श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। मौके पर सदस्य सचिव ने संस्थाओं में रह रहे बच्चों को दी जा रही आवास, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन किया और बच्चों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## पूर्व सांसद स्व.राममूर्ति की बेटियां समाजवादी पार्टी में शामिल



**शाहजहांपुर।** जनपद की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब स्वर्गीय राममूर्ति सिंह वर्मा की बेटियाँ अंजली सिंह और अनीता सिंह ने अखिलेश यादव से मुलाकात कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। दोनों ने कहा कि वे समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी से जुड़ी हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनका स्वागत करते हुए इसे संगठन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस फैसले से शाहजहांपुर की राजनीति में नए समीकरण बन सकते हैं। खास बात यह है कि परिवार की अर्चना सिंह वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से नगर निगम की महापौर हैं। ऐसे में यह निर्णय और भी चर्चा का विषय बन गया है। स्थानीय स्तर पर इस राजनीतिक बदलाव को आगामी चुनावी रणनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

# श्रीरामकथा में गूंजा उठहु राम भंजहु भव चापा स्वयंवर प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** श्रीरामकथा के छठे दिन कथाव्यास विजय कौशल महाराज ने माता सीता के स्वयंवर का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही उन्होंने चैपाई ह्लउठहु राम भंजहु भव चापा, मेटहु तात जनक परितापाह्व का उच्चारण किया, पूरा कथा पंडाल जयकारों से गूंज उठा और श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीराम गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचे। राजा जनक ने दोनों राजकुमारों का आदर-सत्कार किया। नगर भ्रमण के दौरान जनकपुरी के नर-नारी श्रीराम और लक्ष्मण की सुंदरता देखकर अभिभूत हो उठे। पूरे नगर में उन्हीं की चर्चा होने लगी। इसी दौरान पुष्पवाटिका में भगवान राम और माता सीता का प्रथम मिलन हुआ। गौरी पूजन के लिए आई जानकी जी और पुष्प लेने पहुंचे राम का मिलन ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वर्ग धरती पर उतर आया हो। कथा के दौरान भजन ह्लपूजन की करके तैयारी सखिन संग आई जनक की ललीह्व की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूम उठे। स्वयंवर में अनेक देशों के राजा-महाराजा उपस्थित हुए, लेकिन कोई भी शिवधनुष को हिला तक न सका। ह्लभूप सहस दस एकहि बारा, लगे उठावन टरइ न टाराह्व चैपाई का वर्णन करते हुए कथाव्यास ने बताया कि दस हजार राजा भी मिलकर धनुष नहीं उठा पाए। तब राजा जनक चिंतित हो उठे। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही वह भंग हो गया। इसके बाद माता सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डाल दी और पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज, स्वामी अभेदानंद महाराज, पीलीभीत से स्वामी हनुमाननाथ, स्वामी सर्वेश्वरानंद महाराज, फरुर्खाबाद से पूज्य व्यास श्री राममूर्ति मिश्र, ज्योतिषी रामशंकर उपाध्याय, ज्योतिषी शुभेश शर्मा एवं स्वामी विवेकानंद सरस्वती सहित अनेक संत-महात्मा मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुवायां विधायक चेतराम, जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कथा से पूर्व व्यासपीठ पूजन किया गया तथा अंत में आरती व प्रसाद वितरण हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# औद्योगिक गलियारे के लिए की जा रही अधिग्रहण भूमि का किया विरोध

- भाकियू बीआर अंबेडकर ने किसानों के साथ मिलकर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



भाकियू बीआर अंबेडकर ने किसानों के साथ मिलकर किया प्रदर्शन

**हसनपुर।** भाकियू बीआर अंबेडकर ने किसानों के साथ बैठक कर औद्योगिक गलियारे के लिए अधिग्रहण की जा रही जमीन का विरोध करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देंगे।

रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव मंगरौला में भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर की एक बैठक का आयोजन किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि सरकार औद्योगिक गलियारे के नाम पर किसानों की जमीनों को ले रही है और किसानों को भूमिहीन बना रही है। वहीं बैठक में सम्मिलित सैकड़ो की संख्या में किसानों ने कहा कि हम अपनी जमीन किसी भी कीमत पर सरकार को नहीं देंगे और जो जमीन सरकार द्वारा पहले ले ली गई है। उसे भी वापस लेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया की 9 मार्च को क्षेत्र के किसानों के साथ उनकी मांगों को पूरा करने के लिए जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक के बाद किसानों के साथ मिलकर भाकियू बीआर अंबेडकर ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी, मलखान सिंह, जगत सिंह, मोनू सिंह, हिमांशु,राजपाल सिंह, त्रिलोकी सिंह, अमरजीत, सोनू गुर्जर, मयंक, सोमपाल सिंह, किरनपाल सिंह, सुधीर शर्मा, राजेश, मुस्तकीम, मित्रपाल सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# चौकीदारों एवं डीजे संचालकों की बैठक कर दिए दिशा निर्देश



जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** होली पर्व के अवसर पर कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण चौकीदारों एवं डीजे संचालकों की बैठक कर प्रभारी निरीक्षक द्वारा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को कोतवाली प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के चौकीदारों एवं डीजे संचालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा कहा गया की होली पर्व पर हमें विशेष सावधानी बरतनी है, इसी के साथ डीजे संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि होली पर्व पर कोई भी ऐसा गाना ना बजाए जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे अगर डीजे बजाने को लेकर कहीं भी झगड़ा होता है तो उसकी जिम्मेदारी डीजे संचालक की होगी। उन्होंने चौकीदारों को सख्त निर्देश दिए की होली त्यौहार को लेकर विशेष निगरानी रखें कहीं भी कोई भी झगड़ा होता है तो उसकी सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दें।प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी द्वारा बताया गया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर डीजे संचालकों एवं चौकीदारों की बैठक का आयोजन किया गया उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति का हुआ विस्तार

**हसनपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश गौतम ने कमेटी का विस्तार करते हुए बताया कि कार्यकारी अध्यक्ष लता सागर, महामंत्री जगवीर सिंह मौर्य,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहताश सिंह,उपाध्यक्ष अरविन्द अन्ना, विजय गौतम, दिनेश सिंह, कविता रानी,मंत्री सुरेश सिंह, मलखान सिंह, मुकुल जाटव,लवी सागर, मुकेश उर्फ मुखिया जाटव,गौतम सिंह,शिवम जाटव, संगठन मंत्री विजय सिंह, सतीश कुमार, सुधीर कुमार,प्रचार मंत्री प्रभात मौर्य, पंकज कुमार, अनिल कुमार,जंग बहादुर,विधिक सलाहकार अजब सिंह एडवोकेट, पंकज कुमार एडवोकेट, ब्रजकिशोर एडवोकेट,संजय कुमार एडवोकेट, आडीटर करणवीर सिंह, रोशनलाल, राहुल सागर,मीडिया प्रभारी अमित हाली, कपिल कुमार कालू,भोला जाटव,प्रवक्ता मनोज कुमार,प्रवेन्द्र कुमार, ब्रजपाल सिंह, जगदीश शरण, राजाराम,विशेष आमंत्रित सदस्य रूपराम सिंह,बदन सिंह गौतम, नवाब सैफी, कामिल सैफी, दिनेश जाटव, हरस्वरूप सिंह,पवन एडवोकेट,थान सिंह,शिवम सिंघानिया, अखिल कुमार जाटव, कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार गौतम, रामवीर सिंह, पवनराज जाटव,संरक्षक मंडल अतर सिंह नेताजी,मुरारी लाल मौर्य, नरेश कुमार कानूनगो,दौलत सिंह, मुखराम सिह,दिनेश कुमार कपड़े वाले एवं कोर कमेटी मंडल जयपाल सिंह, महीपाल सिंह,गोपी चंद, रामनारायण, चमनलाल अमीन, चमनलाल एडवोकेट, सतेन्द्र पाल एडवोकेट,संजय सिंह, चन्द्रभान सिंह, रामपाल सिंह आदि नियुक्त किए गए।

## मजदूरी का हिसाब करने गए ठेकेदार पर हमला

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में मजदूरी के रुपयों के लेनदेन को लेकर एक ठेकेदार पर जानलेवा हमला। थाना सैदनगली के गांव तरारा निवासी पीड़ित ठेकेदार मदन पुत्र औसराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह डगरोली निवासी दो युवकों ने उन्हें हिसाब करने के लिए बुलाया था। पीड़ित मदन अपने साथी गांव निवासी महीपाल के साथ 15 हजार रुपये लेकर तय स्थान पर पहुंचा। जहां आरोपियों ने पहले से ही 10-12 अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर घेराबंदी कर रखी थी। आरोप है कि वहां पहुंचते ही दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर जानलेवा हमला कर दिया। जेब में रखे 15 हजार रुपये भी छीन लिए। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में मदन और महिपाल को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जब इस बारे में वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट हुई है तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कर उचित का दवाई की जाएगी।

## मेढ़ के विवाद में मारपीट एक पक्ष के दो घायल



**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मेड के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष के ताऊ व भतीजा घायल हो गए। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रझेड़ा में मेढ के विवाद को लेकर रविवार की सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान कैलाश पुत्र बेगराम व भतीजा प्रिंस पुत्र संजय मारपीट में घायल हो गए। पीड़ित कैलाश सिंह ने बताया कि पड़ोसी खेत स्वामी बार-बार खेत की मेड को काट देता है। मेढ़ काटने को मना किया तो आरोपी ने मारपीट कर दी। जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा ।जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया मामला जानकारी में है। तहरीर मिली है जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## उझारी के फल व्यापारी की राजस्थान में मौत

**हसनपुर।** उझारी के एक फल व्यापारी की राजस्थान में सड़क हादसे के बाद इलाज के



दौरान मौत हो गई। यह घटना बुधवार को हुई थी, जिसके बाद शनिवार रात जयपुर के ट्रामा सेंटर में उनका निधन हो गया।

मृतक की पहचान उझारी मोहल्ला कुरेशियांन निवासी शादाब (45) पुत्र इस्लाम उर्फ गामा कुरैशी के रूप में हुई है। शादाब पिछले एक माह से राजस्थान में अमरूद की बगिया लेकर फल बेचने का काम कर रहे थे।बुधवार शाम को एक सड़क हादसे में शादाब गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत जयपुर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। शनिवार रात इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया।शादाब की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में शोक छा गया। परिवार अब उनके पार्थिव शरीर के आने का इंतजार कर रहा है। मृतक शादाब अपने पीछे पत्नी शाकरीन, माता सीमा, पिता इस्लाम, दो बेटियां और एक बेटे को छोड़ गए हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रविवार को नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में साप्ताहिक अभ्यास के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया समारोह के दौरान एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। इसी के साथ होली मिलन समारोह के दौरान जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। नगर संघ संचालक दीपक कुमार द्वारा बताया गया की होली का त्योहार आपस में घुलने मिलने का त्यौहार है जिस प्रकार सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं उसी प्रकार हमें सभी द्वेष भावना मिटाकर सभी भाई बांधुओ को एक साथ रहना चाहिए। इस मौके पर नगर संघ चालक दीपक कुमार, नगर कार्यवाह सोनू अग्रवाल, नगर प्रचारक सचिन ,उधम सिंह ,रजनीकांत ,अभिरव ,विद्वीत, हर्षित,हरशिल ,सुमित,रूप सिंह चौहान, अभिजीत आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# विधायक का अंबेडकर जन्मोत्सव समिति ने किया स्वागत, होली की दी बधाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक के आवास पर पहुंचकर उनका स्वागत किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट किए। आगामी होली के पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

उसके बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने सर्वसम्मति से अपनी कमेटी का विस्तार किया। मुलाकात के दौरान समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने आगामी अंबेडकर जयंती की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा इस वर्ष जयंती आयोजन की जिम्मेदारी युवा होने के नाते मेरे कंधों पर है। हम सभी के सहयोग से इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को ऐतिहासिक और अत्यंत धूमधाम के साथ मनाएंगे।उन्होंने आगे जानकारी दी कि नगर में निकलने वाली शोभायात्रा और मुख्य मंच कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। विधायक ने समिति के इस उत्साह की सराहना की। आयोजन में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार जयंती के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक संदेश देने वाली झांकियों का आयोजन किया जाएगा। युवाओं की सक्रिय भागीदारी के चलते इस बार के आयोजन को आधुनिक और रूप देने की योजना बनाई गई है। विधायक ने समिति के सदस्यों से सामाजिक सद्भाव को प्राथमिकता देते हुए कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया। इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल संयोजक रामवीर सिंह, जगवीर सिंह मौर्य,उपाध्यक्ष अरविंद कुमार अन्ना,मुकेश जाटव, कविता रानी,पवनराज जाटव, अंकुर सेठी, लवी सागर, दिनेश सिंह, भोला जाटव, प्रिंस कुमार गौतम, कामिल सैफी, पवन कुमार एडवोकेट, गुड्डू, सचिन कुमार और ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# पनीर विक्रेता पर चाकू से हमला पैसों के विवाद में युवक फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** शहर में देर शाम एक पनीर विक्रेता पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में युवक ने वारदात को अंजाम दिया। घायल विक्रेता का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र के खिरनीबाग स्थित सिटी कार्ट के पास की है। मोहल्ला लोधीपुर निवासी मनोज प्रजापति यहां पनीर की दुकान लगाते हैं। बताया जा रहा है कि वह किसी अन्य व्यक्ति से पनीर खरीदकर बेचते थे और दोनों के बीच काफी समय से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार शाम मनोज अपनी दुकान पर अकेले थे। तभी आरोपी वहां पहुंचा और पैसों की मांग करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और धक्का-मुक्की में बदल गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने चाकू निकालकर मनोज पर वार कर दिया। चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को ई-रिक्शा से राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि पैसों के विवाद में हमला किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

# पहली बार हुई जिलास्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जिला ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में सुदामा प्रसाद वनस्थली में एक दिवसीय जिलास्तरीय बालक-बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद की 6 बालक और 4 बालिका टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच बालिका वर्ग में हरिकौशल त्यागी स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि स्टेडियम टीम उपविजेता रही। वहीं बालक वर्ग में स्टेडियम टीम विजेता और चाणक्य स्पोर्ट्स एकेडमी उपविजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों को जिला क्रीड़ा अधिकारी एस.पी. वमनिया, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष विनय गुप्ता और सचिव नरेंद्र त्यागी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला ओलम्पिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी ने बताया कि प्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव एवं भारतीय हैंडबॉल संघ के मुख्य कार्य अधिकारी आनंदेश्वर पांडेय तथा यूपी हैंडबॉल संघ के महासचिव अमित पांडेय के निर्देश पर जनपद में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि हैंडबॉल कम खर्च में खेले जाने वाला लोकप्रिय खेल है, जिसे ओलम्पिक खेलों में मान्यता प्राप्त है और इसमें खिलाड़ियों के लिए बेहतर भविष्य की संभावनाएं हैं। जनपद में इस खेल को बढ़ावा दिया जाएगा। अध्यक्ष विनय गुप्ता ने बताया कि जिला ओलम्पिक संघ की देखरेख में जल्द ही जिला हैंडबॉल संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और जिला प्रशासन से हैंडबॉल ग्राउंड बनवाने की मांग की जाएगी।

प्रतियोगिता के आयोजन में पंकज सक्सेना, इरफान खान, सचिन प्रेमी, प्रमोद पांडेय, डीके सक्सेना, निशांत कुमार, मुजाहिद खान, शकील, अजयपाल, अन्नू त्यागी, संजय और लालाराम सहित कई लोगों का सहयोग रहा।

# लाल बहादुर शिक्षा निकेतन में मनायी गयी रजत जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा निकेतन में वार्षिक समारोह और स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोआपरेटिव के चेयरमैन सुरेश गंगवार थे।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के अध्यक्ष पी. एल. गंगवार रहे।मुख्य अतिथि सुरेश गंगवार और कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि ने दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ।इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रताप सिंह कटियार, मैनेजिंग डायरेक्टर शिवांग गंगवार, उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह प्रधानाचार्य उमेश चन्द , अध्यापक राकेश पाठक, शिवम गंगवार, अध्यापिका मानसी जैसवार ,किरण वर्मा ,प्रीति वर्मा ,आशा , पूर्व अध्यापिका प्रियंका प्रजापति, अनुराधा वर्मा कोषाध्यक्ष श्रीमती सरोज कुमारी का कार्यक्रम में विषेश सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश आर्य जी ने किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत बन्दे मातरम् के साथ किया गया। इस अवसर पर डा. नरेश गंगवार, रविंद्र सिंह गंगवार, आशीष कुमार जैसवार, प्रेम शंकर प्रजापति, सुभाष, तौफीक, जी.पी. मौर्य, दयाराम, हितेश पांडे आदि लोग उपस्थित थे। डायरेक्टर शिवांग गंगवार ने अपने स्कूल की नींव रखने वाले पिता स्व. सेवा राम गंगवार की यादों को याद कर अंत में सब का आभार व्यक्त किया।

# 36 साल की सेवा के बाद लोको पायलट को भावभीनी विदाई

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 36 वर्ष की लंबी और सराहनीय सेवा पूरी करने के बाद 60 वर्ष की आयु में लोको पायलट रामबाबू को भावभीनी विदाई दी गई।



इस अवसर पर उनके साथी लोको पायलटों और कर्मचारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा ढोल-नगाड़ों के साथ भांगड़ा कर उनका जोरदार स्वागत और सम्मान किया। रामबाबू वर्ष 1991 में इलाहाबाद से स्थानांतरण होकर रोजा जंक्शन आए थे। अपने सेवा काल के अंतिम दिन उन्होंने 13152 कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस को सुरक्षित रूप से रोजा जंक्शन तक चलाया। इसके बाद लोको पायलट देशराज ने ट्रेन को लखनऊ के लिए रवाना किया। इस मौके पर लोको पायलट अमित भागवत मिश्रा ने कहा कि रामबाबू बेहद मेहनती, ईमानदार और सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। उन्होंने कभी भी ट्रेन संचालन से मना नहीं किया और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। उनके सेवानिवृत्त होने से साथी लोको पायलटों में मायूसी भी देखी गई। बताया गया कि एक अन्य लोको पायलट प्रेम शंकर शुक्ला भी सेवानिवृत्त हुए हैं, लेकिन किसी कारणवश वह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। विदाई समारोह में अमित भागवत मिश्रा, चंदन कुमार, रामदीन वर्मा, जगदीश चंद्र शर्मा, छेदीलाल, मोहम्मद शमी, राजकुमार, आर.के. वर्मा, शुभम सक्सेना, विनोद कुमार, अवधेश कुमार, अनिल कुमार भट्ट, अजय सिंह, सुरेश, महेश, रामकुमार, नरेश चंद्र, अनूप कुमार, विजय कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा और सभी ने रामबाबू के सुखद व स्वस्थ जीवन की कामना की।

# दुबई हवाई अड्डे के पास धमाके से सिंधू और कोच डरे

एजेंसी



दुबई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि जहां वह और उनके कोच रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सिंधू ने कहा कि यह स्थिति 'हर घंटे और डरावनी होती जा रही थी'। सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, ''कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ। मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत तनावपूर्ण और डरावना पल था। हालांकि पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पुष्टि की कि वह और उनका सहयोगी स्टाफ सुरक्षित है और उन्हें एक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उन्होंने कहा, ''हम सभी अब सुरक्षित हैं और दुबई हवाई अड्डे के कर्मचारियों और दुबई के अधिकारियों की लगातार कोशिशों की वजह से हमें अधिक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। सिंधू ने इस मुश्किल समय में मदद के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, ''दुबई में भारतीय उच्चायोग को भी उनके समर्थन और हमें सुरक्षित रखने में लगातार मदद के लिए विशेष धन्यवाद। वर्ष 2019 की विश्व चैंपियन ने धमाके के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी लेकिन कहा कि वह हालात के ठीक होने का इंतजार करते हुए आराम करने की कोशिश कर रही हैं। सिंधू ने लिखा, ''अभी के लिए हम थोड़ा आराम करने और उम्मीद बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम चीजों के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। सिंधू भारत की सबसे प्रतिष्ठित बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भी कई पदक जीते हैं। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला किया जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से 1979 से देश पर राज कर रहे इस्लामिक नेतृत्व को उखाड़ फेंकने की अपील की। सैन्य हमलों की वजह से खाड़ी क्षेत्र में

### हम सुरक्षित हैं लेकिन थोड़ी चिंता है, सिंधू के कोच इरवांस्याह ने कहा

**नयी दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को ट्रेनिंग देने वाले इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा उस समय बाल-बाल बच गए जब ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम जाते हुए दुबई हवाई अड्डे पर उनके करीब धमाका हुआ। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण उड़ाने रद्द होने के बाद सिंधू और इरवांस्याह दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए हैं। टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होना है। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी और दुबई भी शामिल हैं। इसके बाद दुबई हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। इरवांस्याह ने पीटीआई को बताया, ''इस समय दुबई में उड़ानें रद्द हो रही हैं। हवाई अड्डे पर धमाका हुआ है इसलिए हम इस समय यहीं फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा, ''उन्होंने हमें होटल में रखा है। हम ठीक हैं लेकिन फिर भी थोड़ी चिंता है। हम ऑल इंग्लैंड के लिए जाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम आज उड़ान ले पाएंगे क्योंकि सिंधू का मैच बुधवार को है। सिंधू ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर तनावपूर्ण पलों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, ''मुश्किल बढ़ती जा रही है और हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं। कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ।''

# टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद सनथ जयसूर्या ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से हटने का किया ऐलान

एजेंसी



कैंडी। सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण से बाहर होने के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्रीलंका को शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद जयसूर्या ने अपने फैसले की जानकारी दी।

जयसूर्या ने मैच के बाद कहा, ल्लमैंने सोचा कि यह जिम्मेदारी किसी और को दे देनी चाहिए। दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मैंने संकेत दे दिया था कि मैं आगे इस पद पर बने रहने की योजना नहीं बना रहा हूं। मेरा इरादा था कि विश्व कप के बाद अच्छे नोट पर विदाई लूं, लेकिन वैसा नहीं हो सका। इसका मुझे अफसोस है। हालांकि, उनका अनुबंध जून 2026 तक है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 13 से 25 मार्च तक खेले जाने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से औपचारिक चर्चा नहीं हुई है, लेकिन वह जल्द ही बातचीत करेंगे। जुलाई, 2024 से टीम की कमान संभाल रहे जयसूर्या का कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उनके नेतृत्व में श्रीलंका ने घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला जीती और इंग्लैंड में टेस्ट मैच भी अपने नाम किया। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकाल में टीम को एकदिवसीय रैंकिंग में चौथे स्थान तक पहुंचाया गया, टेस्ट टीम को छठे और टी-20 टीम को भी छठे स्थान तक ले जाया गया। इस दौरान टीम की कुल जीत प्रतिशत करीब 50 प्रतिशत रही। हालांकि, टी-20 विश्व कप में निराशाजनक अंत को लेकर जयसूर्या ने माना कि टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को हराकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद लगातार चार मैच गंवाए, जिनमें सुपर 8 के तीन मुकाबले शामिल थे। जयसूर्या ने आगे कहा कि टीम को लगातार बेहतर प्रदर्शन की जरूरत है और बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों विभागों में दबाव में अच्छा खेल दिखाना होगा। उन्होंने बड़ी संख्या में समर्थन देने पहुंचे प्रशंसकों से माफी मांगते हुए कहा कि क्रिकेट ही देश का सबसे बड़ा खेल है और दर्शकों की भावनाओं को समझना

# हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए: सलमान अली आगा

एजेंसी



पाल्लेकल (श्रीलंका)। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। लेकिन आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। उन्होंने कहा, ''हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, ''हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थितियों में फैसले लेना पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या थी जिसे आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर नतीजों के लिए सुलझाना होगा। आगा ने कहा, ''और यही बात मैंने उनसे कही, जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे। क्योंकि असल में आप दबाव में गलतियां करते हैं। और आईसीसी टूर्नामेंट में, दबाव ज्यादा होता है क्योंकि आप दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ खेल रहे होते हैं।

# हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित की, सविता निजी कारणों से हटीं

एजेंसी



हैदराबाद। अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था। अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, ''हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी। इस इस प्रकार हैः गोलकीपरः बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम। डिफेंडरः सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी। मिडफील्डरः नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग। फारवर्डः नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

# एनसीएलएटी का वीडियोकॉन मामले में धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों ऽ राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी। धूत भाइयों के खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये का मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा पारित उन दो आदेशों को बरकरार रखा है, जिनमें वीडियोकॉन के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया था। अपीलीय न्यायाधिकरण ने उनकी इस दलील को भी खारिज कर दिया कि एसबीआई द्वारा दायर याचिकाएं समयसीमा के तहत नहीं थीं। एनसीएलटी ने धारा 95 के तहत आवेदन को स्वीकार किया था। न्यायाधिकरण इस बात से संतुष्ट था कि कॉरपोरेट कर्जदार (वीडियोकॉन) वित्तीय ऋणदाता द्वारा दी गई ऋण राशि के पुनर्भुगतान में चूक कर चुका है और व्यक्तिगत गारंटर भी पुनर्भुगतान में विफल रहे हैं। चेयरमैन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य (तकनीकी) बरुण मित्रा की पीठ ने कहा, ''हमें चार जून, 2024 और 14 जून, 2024 के आदेशों में हस्तक्षेप करने का कोई ठोस आधार नहीं मिला है। दोनों अपीलें खारिज की जाती हैं।

# ईरान संकट: भारत के लिए तेल आपूर्ति में तत्काल बाधा नहीं, संघर्ष खिंचने पर बढ़ सकती है रूस से खरीद

एजेंसी



नयी दिल्ली। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे कच्चे तेल के प्रमुख आपूर्ति मार्ग के बंद होने से भारत को निकट भविष्य में कच्चे तेल की आपूर्ति में किसी बड़े व्यवधान का सामना करने की आशंका नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कच्चे तेल का भंडार कम से कम 10 दिन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद तेजी से बदलते घटनाक्रम में इस्लामिक गणराज्य के सर्वोच्च नेता के मारे जाने की खबरें भी शामिल हैं। इससे संकेत मिलता है कि यह संघर्ष बहुत लंबा नहीं चलेगा। हालांकि, शीर्ष अधिकारियों और विश्लेषकों का कहना है कि यदि तनाव बढ़ता है, तो भारत के पास आकस्मिक योजनाएं तैयार हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने 28 फरवरी को कहा था कि अमेरिका और इजरायल के मिसाइल हमलों के जवाब में उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा निकासी बिंदुओं में से एक है, जिससे वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। अधिकारियों ने कहा कि कम अवधि के लिए इसके बंद होने से भारत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि उसके पास ईंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त आपूर्ति है। उन्होंने आगे कहा कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य लंबे समय तक बंद रहता है, तो देश रूसी तेल की खरीद बढ़ाकर अपने आयात स्रोतों में बदलाव कर सकता है। हालांकि, इसका तत्काल प्रभाव तेल की कीमतों पर दिखेगा। ब्रेंट क्रूड इस सप्ताह सात महीने के उच्चस्तर लगभग 73 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ।

# कोल इंडिया की इकाई की पहल छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर

एजेंसी

बिश्रामपुर (छत्तीसगढ़)। पूजा साहू (30) आज इस बात को लेकर बहुत ज्यादा खुश हैं कि वह अपने पति के नाम से नहीं जानी जातीं। पूजा को लोग अब 'बोटिंग वाली दीदी' के नाम से जानते हैं। यह नई पहचान उन्हें मजबूती और पैसे की आजादी का एहसास कराती है, जबकि कुछ साल पहले ऐसा नहीं था। साहू छत्तीसगढ़ राज्य के एक 'इको-टूरिज्म' पार्क में मोटर बोट चलाकर अपना गुजारा करती हैं, जिसे कोल इंडिया की इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने खनन के बाद एक छोड़ी हुई कोयला खदान से एक 'एडवेंचर हब' में बदल दिया है। पार्क में 1,472 हेक्टेयर की जगह है जिसमें एक बड़ी पानी की जगह, एक तैरता हुआ रेस्तरां, बोटिंग और स्थानीय सहकारी समितियों द्वारा चलाई जाने वाली मछली पालन की जगह है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। इस पार्क को एसईसीएल ने कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में देश के खान को बंद करने की वैज्ञानिक रूपरेखा के तहत विकसित किया है। खान बंद करने की मंजूर योजना के मुताबिक, दोबारा इस्तेमाल किए गए खनन क्षेत्र को प्रणालीगत तरीके से टिकाऊ सामुदायिक संपत्ति में बदला जा रहा है। केनापारा इको-टूरिज्म पार्क खनन के बाद इसे जीवनयापन केंद्र में बदलने का एक ऐसा ही उदाहरण है, जो केंद्र के ज़िम्मेदार और टिकाऊ खनन पर केंद्रित है। एसईसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा, ''हमारा यह पार्क दिखाता है कि कैसे वैज्ञानिक तरीके से दोबारा इस्तेमाल किए गए खान क्षेत्र को हरित संपत्तियों में बदला जा सकता है, जो विविधता को बढ़ावा देते हैं, टिकाऊ जीवनयापन को संभव बनाते हैं, और अच्छे रोज़गार के मौके पैदा करते हैं, खासकर स्वयं सहायता समूहों के लिए।''

# भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया। इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किये। निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है। पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा। साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं। इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीएसई का सेंसेक्स गत सप्ताह कुल 1,527.52 अंक (1.84 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 392.60 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 25,178.65 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों म



अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत टूट गया। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 8.37 प्रतिशत टूटा। टेक महिंद्रा में 6.86 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 4.95, ट्रेंट में 4.61 और इंफोसिस में 3.90 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 3.90 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3.26, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस दोनों के 3.17, एचडीएफसी बैंक का 2.69, एलएंडटी का 2.28 और एशियन पेंट्स का 2.15 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। टीसीएस का शेयर 1.87 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.81, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.44, भारतीय स्टेट बैंक का 1.16 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.04 प्रतिशत फिसल गया। मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। एनटीपीसी में 2.36 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। टाइटन का शेयर 2.19 फीसदी, टाटा स्टील का 1.97, एक्सिस बैंक का 1.14 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का एक प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा, बीईएल और अडानी पोर्ट्स से शेयर भी हरे

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण 2.18 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

## वीओसी बंदरगाह 'आउटर हार्बर' परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

तूतीकोरिन। वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह अपनी बड़ी 'आउटर हार्बर' परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसका मकसद बंदरगाह की कुल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ाना और तमिलनाडु को दक्षिण भारत का एक बड़ा 'ट्रांसशिपमेंट केंद्र' (एक जहाज से दूसरे जहाज में माल चढ़ाने-उतारने की जगह) बनाना है। वीओसी बंदरगाह प्राधिकरण के चेयरपर्सन सुशांत कुमार पुरोहित ने बताया कि यह निवेश 1,500 करोड़ रुपये के उस निवेश के अतिरिक्त है, जिसे बंदरगाह ढांचे के उन्नयन और नए जमाने की प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए रखा गया है। वीओ चिदंबरनार बंदरगाह देश के बड़े बंदरगाहों में से एक है, जो तमिलनाडु के दक्षिणी हिस्से तूतीकोरिन में स्थित है। इसकी सालाना माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन की है। यह परिचालन में मौजूद सबसे पुराने बंदरगाहों में से है। भविष्य की वृद्धि योजनाओं पर पुरोहित ने कहा कि 'आउटर हार्बर' हमारी बड़ी परियोजना है, जो समुद्री क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से जुड़ी है।

# होली : इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन की ओर यूपी धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी

## सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत आज भी उसी जीवंतता के साथ आगे बढ़ रही

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। इस बार योगी सरकार उत्तर प्रदेश को इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन बनाने और धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार होली को फाल्गुनी उत्सव की मूल भावना से जोड़ते हुए ग्लोबल पिलग्रिम फ़ेस्टिवल के रूप में प्रस्तुत करने जा रही है। इससे ऋतु, धर्म, संस्कृति और पर्यटन एकसूत्र में पिरोए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर मनाई जाने वाली होली सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को आज भी उसी जीवंतता से आगे बढ़ा रही है। फाल्गुन का महीना जैसे ही दस्तक देता है, उत्तर भारत की हवाओं में एक अलग ही मादकता घुल जाती है। आम्र-मंजरियों की सुगंध, कोयल की कू, ढोल-मंजीरों की थाप और फाग गीतों की गूंज यह संकेत देती है कि रंगों का महापर्व आ गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की मानें तो होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है। इसका मूल अर्थ है असत्य पर सत्य की जीत, अहंकार पर भक्ति की विजय और विभाजन पर मिलन का उत्सव। इसी अर्थ को आधार बनाकर इस बार धार्मिक स्थलों की होली को वैश्विक पर्यटन से जोड़ने की योजना है। इसका उद्देश्य होली के आध्यात्मिक संदेश को विश्व मंच तक पहुंचाना और इसे फ़ेस्टिवल ऑफ हार्मनी के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि इस बार लक्ष्य केवल पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि ग्लोबल फ़ेथ एंड कल्चर फ़ेस्टिवल की अवधारणा के साथ होली को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। सरकार, पर्यटन उद्योग, सांस्कृतिक संस्थाएं और स्थानीय प्रशासन मिलकर ऐसा मॉडल तैयार किए हैं, जो भारत की आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचा सके। वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार सियाराम पाण्डेय ने बताया कि होली का पहला अध्याय होलिका दहन से शुरू होता है, जो भक्त प्रह्लाद की कथा से जुड़ा है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन का संदेश है। अहंकार और अन्याय का अंत निश्चित है। गांव-गांव और शहर-शहर में जलती होलिका भारतीय संस्कृति की उस जड़ों से जुड़ी आस्था का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। ब्रज और काशी के धार्मिक स्थलों पर होलिका दहन को सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजन के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी है, ताकि विदेशी पर्यटक इसके दार्शनिक अर्थ को समझ सकें। मथुरा और वृंदावन में होली का अर्थ केवल रंग खेलना नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का उत्सव है। बांके बिहारी मंदिर की फूलों की होली इस भाव को जीवंत करती है, जहां रंग नहीं, भावनाएं बरसती हैं। बरसाना की लट्ठमार होली भी प्रतीकात्मक है। यह नारी-पुरुष के मधुर संवाद और सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत रूप है। इस बार इन आयोजनों को इस तरह प्रस्तुत करने की योजना है कि विश्वभर से आने वाले पर्यटक केवल दृश्य नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपे सांस्कृतिक अर्थ को भी समझ सकें।

काशी : अध्यात्म और लोक का संगम

वाराणसी में होली का अर्थ है जीवन की क्षणभंगुरता के बीच आनंद की स्वीकृति। काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाटों पर फाग गीतों के साथ मनाई जाने वाली होली यह संदेश देती है कि जीवन रंगों की तरह विविध है और हर रंग का अपना महत्व है। यहां होली को स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस के रूप में प्रचारित करने की तैयारी है, ताकि विदेशी पर्यटक इसे केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक अनुभव के रूप में ग्रहण करें। काशी में होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि 'जीवन एक उत्सव है' की भारतीय अवधारणा का प्रदर्शन है। यहां साधु-संतों से लेकर आम जन तक, सभी एक ही रंग में रंग जाते हैं समरसता के रंग में।

अयोध्या : फाल्गुन में मर्यादा का रंग

अयोध्या में होली का अर्थ रामराज्य की उस अवधारणा से जुड़ता है, जहां समाज में समानता और प्रेम सर्वोपरि है। सरयू तट पर आयोजित कार्यक्रमों में यह संदेश देने की योजना है कि रंग सभी भेद मिटा देते हैं। जाति,वर्ग और भाषा की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। सरयू तट पर भजन-कीर्तन और रंगोत्सव भारतीय संस्कृति की उस परंपरा को मजबूत करते हैं, जिसमें उत्सव समाज को जोड़ने का माध्यम है।

विश्व पर्यटन से जुड़ाव

पर्यटन एवं परम्परा से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यदि होली के मूल अर्थ सत्य, प्रेम और समरसता को केंद्र में रखकर आयोजन किए जाएं तो यह उत्सव वैश्विक शांति और सांस्कृतिक संवाद का माध्यम बन सकता है। ट्रैवल कंपनियां 'होली विद मीनिंग' थीम के तहत ऐसे पैकेज तैयार करने पर विचार कर रही हैं, जिनमें पर्यटक धार्मिक कथाओं, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक दर्शन को समझ सकें। इससे पर्यटन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ज्ञान और अनुभव का माध्यम बनेगा।

आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव

समाजसेवी डॉ अखिलेश वर्मा ने कहा कि होली के अर्थ से जुड़े आयोजनों से स्थानीय कलाकारों, पुजारियों, गाइडों और हस्तशिल्प कारीगरों को भी लाभ मिलेगा। जब पर्यटक किसी त्योहार का दर्शन समझते हैं, तो वे उससे जुड़ी वस्तुओं और परंपराओं में अधिक रुचि लेते हैं। इस प्रकार होली का आध्यात्मिक संदेश पर्यटन और अर्थव्यवस्था दोनों को नई दिशा दे सकता है।

लोककला, संगीत और साहित्य का पर्व

लोकगायक धर्मेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि होली भारतीय लोककला और साहित्य से भी गहराई से जुड़ी है। फाग, ठुमरी, दादरा और शास्त्रीय संगीत की विशेष प्रस्तुतियां इस पर्व का हिस्सा हैं। तुलसी, सूर और कबीर की रचनाओं में होली का वर्णन भारतीय साहित्यिक परंपरा की समृद्धि को दर्शाता है।

संस्कृति से पर्यटन तक

जब किसी उत्सव के पीछे इतनी गहरी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि हो, तो वह विश्व पर्यटन के लिए भी आकर्षण बनता है। विदेशी पर्यटक केवल रंग देखने नहीं आते, बल्कि भारतीय संस्कृति को समझने की जिज्ञासा लेकर आते हैं। उत्तर प्रदेश इस बार होली को इंडियन कल्चरल एक्सपीरियंस के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी में है, जहां पर्यटक धार्मिक कथा,लोक परंपरा,संगीत और सामाजिक दर्शन का अनुभव कर सकें।

भारतीयता का रंग

समाजसेवी राजकिशोर की मानें तो होली भारतीय संस्कृति का वह दर्पण है, जिसमें आस्था, प्रेम, कला, संगीत, दर्शन और सामाजिक समरसता एक साथ दिखाई देते हैं। उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर मनाई जाने वाली होली इस सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रमाण है। जब ब्रज में भक्ति रंग बनकर उड़ती है, काशी में अध्यात्म गुलाल बनकर बिखरता है और अयोध्या में मर्यादा प्रेम के साथ घुलती है, तब होली केवल पर्व नहीं रहती,वह भारतीय संस्कृति की आत्मा बन जाती है।

रंगों से पहले उम्मीदों की आहट

होली की तैयारियों की गूंज बता रही है कि इस बार रंग केवल चेहरे नहीं, अर्थव्यवस्था और पर्यटन की तस्वीर भी बदल सकते हैं। इस बार होली उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक पर्यटन मॉडल का रूप ले सकती है, जहां आस्था, संस्कृति और विकास एक साथ खिल उठेगी।

# दधीचि कुंड पर भव्य सन्यासी पूजन सम्पन्न

एजेंसी



मिश्रिख/सीतापुर। तीर्थ नगरी नैमिष क्षेत्र स्थित पावन स्थल दधीचि कुंड पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्यासी पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही कुंड परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजन-अर्चन किया और संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन एवं महाआरती के साथ किया गया। शंखध्वनि, घंटानाद और वैदिक ऋचाओं की गूंज से समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रधान पुजारी राहुल शर्मा ने बताया कि सन्यासी पूजन की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति और संत परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है।

पूजन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित अन्य कई प्रांतों से आए यजमानों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर डंडी सन्यासियों का अभिनंदन किया। स्थानीय गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा संत-महात्माओं को अंगवस्त्र, प्रसाद और दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जलपान, बैठने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

सन्यासी पूजन के इस पावन अवसर पर 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से दधीचि कुंड परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह और संतों का सान्निध्य इस आयोजन को और अधिक दिव्य एवं अविस्मरणीय बना गया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार भव्य रूप से सन्यासी पूजन का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि धार्मिक परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन होता

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में भक्ति भाव से संपन्न हुई प्राण प्रतिष्ठा, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

एजेंसी





मछरेहटा/सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत गौरिया गांव में भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और उल्लास के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम 27 फरवरी 2026, शुक्रवार से प्रारंभ होकर 01 मार्च 2026, रविवार तक चला, जिसमें क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार वैष्णव संप्रदाय के जगद्गुरु स्वामी 1008 परम पूज्य अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज जी के सान्निध्य में मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की सभी विधियां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत सम्पन्न कराई गईं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम के दौरान मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए गए, वहीं भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम निरंतर चलता रहा। अंतिम दिन 01 मार्च 2026, रविवार को प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के डा0 कपिल देव दीक्षित ने सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना बढ़ाने वाला बताया।

गांव में तीन दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया और श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।

# मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत विधायक ने किसानों को बांटे पंपिंग सेट



एजेंसी

बिसवां (सीतापुर)। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अन्तर्गत सकरन विकास खण्ड में वर्ष 2025-26 में उथले नलकूप के लिए चयनित लाभार्थी कृषकों द्वारा अनुदान पर क्रय किये गये लगभग 34 कृषकों को डीजल पम्प सेटों का वितरण सेवता विधायक ज्ञान तिवारी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से रविवार को जहांगीराबाद के निकट केवानी नदी के तट पर स्थित श्री राधा कृष्ण आश्रम पर आयोजित एक कार्यक्रम में किया।जे0ई0एम0आई0 ने बताया कि यह वितरण सकरन विकास खण्ड अन्तर्गत सेवता विधानसभा में आने वाली 17 ग्राम सभाओं के 34 किसानों को किया गया है। इस मौके पर विधायक ज्ञान तिवारी ने सरकार द्वारा अन्नदाता किसानों को दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने सभी लाभान्वित किसानों से कहा कि योगी सरकार ने जिस विचारधारा के अन्तर्गत किसानों को पम्पिंग सेट प्रदान कराये हैं अगर उन्हें उसी कार्य में लाया जायेगा तभी सरकार की मंशा पूरी होगी और अन्नदाताओं को उसका लाभ मिल सकेगा। इस दौरान बी0टी0 ज्ञानेन्द्र सिंह, जे0ई0एम0आई0 हेमन्त कुमार, प्रधान प्रतिनिधि पूंजी खेरा संजय कुमार वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि धामी सरांय शिवराम, मण्डल अध्यक्ष भाजपा रामू चौरसिया जहांगीराबाद व सरदार सुरेन्द्र सिंह टेड़वाकलां सहित भारी संख्या में किसान व संभ्रांत लोग उपस्थित थे।

# छात्र संघ बहाल करने वाले दल को मिलेगा समर्थन: सरोज



एजेंसी

कमलापुर मास्टरबाग । क्षेत्र के द ड्रीम पब्लिक स्कूल में अखण्ड युवा छात्र सभा व हिंदू युवा वाहिनी के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन ललित सिंह ने किया।

इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सरोज तिवारी, मनोज तिवारी, बृजेश मिश्र, पवन उपाध्याय, ज्ञानेंद्र व संजय शुक्ला (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केकेसी) तथा चाणक्य सिंह चौहान सहित क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में युवाओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि हजारों वर्षों की गुलामी के बाद देश को संविधान का शासन मिला है। इसे सुरक्षित बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज और देश की सुरक्षा के लिए एकता अत्यंत आवश्यक है तथा विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहना होगा। इस दौरान उन्होंने कृष्ण कुमार शुक्ल को हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सरोज तिवारी ने कहा कि राजनीतिक दलों ने छात्र संघ चुनावों पर रोक लगाकर छात्र राजनीति को कमजोर किया है, जबकि छात्र ही सरकार से सवाल पूछते हैं और नीतियों पर आवाज उठाते हैं। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि छात्र संघ चुनाव पुनः बहाल किए जाएं ताकि राजनीतिक चेतना से युक्त छात्र आगे आकर देश और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो दल छात्र संघ बहाल करेगा, उसे युवाओं का समर्थन और वोट मिलेगा।

# 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का आज राष्ट्रपति करेंगी शुभारंभ

एजेंसी

नई दिल्ली। महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

■ यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक: रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' के रूप में पुनर्गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपये और घरेलू जन्म होने पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे। इसके अतिरिक्त कक्षा एक, छह और नौवीं में प्रवेश, कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने तथा कक्षा बारह में प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ावों पर 5,000 रुपये की राशि जमा की जाती थी। यह संचित राशि ब्याज सहित 18 वर्ष की आयु में निकाली जा सकती थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई योजना में सहायता की राशि और दृष्टिकोण दोनों को व्यापक रूप से बढ़ाया गया है। अब बालिका के नाम पर विभिन्न चरणों में कुल 56,000 रुपये जमा किए जाएंगे और ब्याज सहित 21 वर्ष की आयु तक यह परिपक्वता मूल्य 1 लाख रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा पूरा करना अपवाद नहीं बल्कि सामान्य उपलब्धि बने। नई योजना पूरी तरह डिजिटल होगी। फंड का प्रबंधन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और निवेश एसबीआई लाइफ धनराशि साधन के अंतर्गत होगा। विभाग द्वारा जमा की गई राशि बालिका की उम्र के साथ बढ़ती रहेगी और परिपक्वता पर पूरी संचित राशि सीधे लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। इससे पारदर्शिता और प्रत्यक्ष वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होगा। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक न हो तथा जो पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में रह रहे हों। बालिका का जन्म दिल्ली में होना अनिवार्य है। पंजीकरण जन्म के एक वर्ष के भीतर या निर्धारित शैक्षणिक पड़ावों पर कराया जा सकता है। यह लाभ प्रति परिवार दो जीवित बालिकाओं तक सीमित रहेगा। महत्वपूर्ण रूप से योजना का दायरा बढ़ाकर भारत में किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त या यूजीसी मान्यता प्राप्त संस्थान में स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम कर रही लड़कियों को शामिल किया गया है। परिपक्वता लाभ केवल शैक्षणिक शर्तों की पूर्ति पर ही देय होगा। विशेष बात यह है कि 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में दिल्ली लाडली योजना के तहत 40,642 पात्र लाभार्थियों को 100.25 करोड़ रुपये की डिजिटल राशि डीबीटी की जाएगी, जो काफी समय से अपनी परिपक्वता राशि प्राप्त नहीं कर पाए थे। यह राशि 'मेरी पूंजी मेरा अधिकार' के तहत प्रदान की जाएगी। वर्ष 2008 में शुरू की गई दिल्ली लाडली योजना का उद्देश्य बालिका के जन्म और शिक्षा को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के महत्वपूर्ण पड़ावों पर संरचित वित्तीय सहायता के माध्यम से लैंगिक असमानताओं को दूर करना था। परिपक्वता राशि, अर्जित ब्याज सहित, डीबीटी माध्यम से सीधे आधार से जुड़े बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और लाभार्थियों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित होगी।



## होली-दिवाली मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना का सोमवार को शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में होली और दिवाली पर दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवारों को प्रतिवर्ष दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर प्रदान करने की योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस योजना का लाभ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से दिया जाएगा। यह राशि एक एलपीजी सिलेंडर की मौजूदा कीमत के बराबर होगी और परिवार के मुखिया के आधार-लिंक्ड बैंक खाते में जमा की जाएगी, जिनके नाम पर राशन कार्ड जारी किया गया है। लगभग 15.50 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को कवर करने वाली यह योजना खाना पकाने के ईंधन के खर्च के वित्तीय बोझ को कम करने और परिवारों को सम्मान और आराम से त्योहार मनाने में सक्षम बनाने के लिए बनाई गई है।

# एकीकृत कृषि प्रणाली किसानों की आय बढ़ाने में प्रभावी : राधामोहन



एजेंसी

पूर्वी चंपारण। कृषि विज्ञान केंद्र पीपराकोठी स्थित सभागार में रविवार को समेकित कृषि प्रणाली मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक कृष्णनंदन पासवान, विधायक सचिन्द्र प्र.सिंह, केविके प्रमुख डा अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पिछले वर्षों में किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डीबीटी प्रणाली लागू की है, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और फसल बीमा जैसी योजनाओं की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अब बिचौलियों की भूमिका कम हुई है और पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि देश के करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष 6000 रुपये की सहायता दी जा रही है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। राधामोहन सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी सोच से प्रेरित राजनीति ही देश और समाज का भला कर सकती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले गरीब किसानों, गांवों की सड़कों और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन अब योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विकास पहुंचा है। उन्होंने प्राकृतिक खेती और टिकाऊ कृषि पर जोर देते हुए परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए समय-समय पर मिट्टी की जांच आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एकीकृत कृषि प्रणाली को किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी और फसल उत्पादन को एक साथ अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए किसानों की समृद्धि और पारदर्शी व्यवस्था बेहद जरूरी है। अंत में उन्होंने किसानों से जागरूक होकर नई तकनीकों को अपनाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रमोद कुमार, कृष्णनंदन पासवान, श्यामबाबू प्रसाद यादव, सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक सुनीलमणि तिवारी, उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, राजेन्द्र गुप्ता, पवन राज, जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# एमजीसीयू में शिक्षा समागम का आयोजन, शिक्षा, उद्योग और भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

एजेंसी

पूर्वी चंपारण। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से गांधी ऑडिटोरियम में ''एजुकेशन कॉन्क्लेव के तहत इंडियाज ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशनल रिवोल्यूशन का भव्य आयोजन हुआ। इस राष्ट्रीय आयोजन में शिक्षा जगत के दिग्गजों, कुलपतियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नीति विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा संस्थानों की चुनौतियों, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और कुलगीत के साथ हुआ। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम बने। उन्होंने विश्वविद्यालयों को नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने पर बल दिया। मुख्य अतिथि पूर्वी चंपारण के सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों के सशक्तिकरण की आवश्यकता जताई। पहले तकनीकी सत्र बिहार एचईआईज इन स्पॉटलाइट में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रो. रंजीत वर्मा ने की। बिहार विवि के कुलपति प्रो डीसी राय, ललित नारायण मिथिला विवि के कुलपति प्रो संजय चौधरी, मगध विवि के कुलपति प्रो एसपी शाही समेत अन्य शिक्षाविदों ने राज्य में शोध संस्कृति को मजबूत करने, डिजिटल संसाधनों के विस्तार और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर जोर दिया।

पैनल में यह बात उभरकर आई कि बिहार के विश्वविद्यालय संसाधनों की सीमाओं के बावजूद अकादमिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं।




## पेट्रोल पंप मैनेजर के रूम से नकदी चोरी में एक युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका इलाके में पेट्रोल पंप के मैनेजर रूम में घुसकर 15 हजार की नकदी तथा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन रसीदें चुराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान तनिष्क मल्होत्रा उर्फ नोनी (28) के रूप में हुई है। आरोपित ने दोस्त के साथ अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के बहाने पेट्रोल पंप कर्मचारी से बहस कर वारदात को अंजाम दिया। उसके कब्जे से 1650 रुपये और ट्रांजैक्शन रसीदें बरामद की गई हैं। वारदात में शामिल आरोपित के दोस्त की तलाश की जा रही है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को द्वारका सेक्टर 1 स्थित पेट्रोल पंप से नकदी तथा पेमेंट ट्रांजैक्शन रसीदें चोरी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। द्वारका साउथ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0– 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।